तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 17.5 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 9 नवंबर 2024


10 टैक्स वसूलने खुद पहुंचे आयुक्त, पंप संचालक का काटा बकाया टैक्स



11 स्वास्थ्य और आवासीय क्षेत्र में कर्मियों को मिली राहत










## खबर संक्षेप

### सियान सदन में लगा कैंप



**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक गणों के लिए पेंशन प्राप्ति हेतु प्रति वर्ष जीवन प्रमाण पत्र की जरूरत होती है। जिसे बनवाने के लिए बुजुर्गों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त संदर्भ में संवेदनशीलता दिखाते हुए दुर्ग सासंद विजय बघेल ने भिलाई के विभिन्न वार्ड में केम्प लगाने हेतु निदेशित किया। जिसके तहत वार्ड 7 राधिका नगर के सियान सदन में केम्प का आयोजन किया। जिसका लाभ क्षेत्र वासियों को मिला। केम्प का अवलोकन पूर्व क्रेडा सदस्य विजय साहू ने किया । वरिष्ठ नागरिक मंच भिलाई के महासचिव गजानंद साहू भी उपस्थित थे। बहुत जल्द भिलाई के सभी वार्ड में जीवन प्रमाण पत्र बनाने हेतु केम्प आयोजित किया जाऐगा। इस अवसर पर बलवीर सहगल, फुल माली, जवाहर साहू सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

### छठ पर्व समापन के बाद सफाई अभियान



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में बड़े श्रद्वा एवं भक्ति के साथ छठ पर्व मनाया गया। त्योहार के पूर्व नगर निगम भिलाई द्वारा सभी तालाबो की साफ-सफाई, रंगरोगन के साथ प्रकाश व्यवस्था बेहतर किया गया था। सभी जगहो पर नगर निगम की सुरक्षा टीम मुस्तैद रही, जिससे किसी प्रकार का दुर्घटना न होने पाये। श्रद्वालुओं को समझाते भी रहे कि ज्यादा गहरे पानी के अंदर न जाये, जहां तक बेरीकेट लगा हुआ है। त्योहार के पश्चात नगर निगम भिलाई का स्वास्थ्य विभाग का दल जोन अनुसार फिर से सफाई व्यवस्था हेतु लग गये। सभी घाटो पर विशेष दल के माध्यम से सफाई करवाया जा रहा है। इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है जो भी पूजा सामग्री तालाबो पर एकत्रित हुए है उसे गड्ढा करके मिटटी में डाल दिया जा रहा है।

## एनकाउंटर : पुलिस की गोली से हुआ ढेर, 35 हजार था इनाम

# ट्विनसिटी का कुख्यात अपराधी अमित की थी चरम पर दबंगई

- ग्लोब चौक में गोलीकांड को अंजाम देने के बाद फरार था आरोपी अमित
- इस घटना के अन्य आरोपियों को पुलिस पहले कर चुकी है गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी का कुख्यात अपराधी सेक्टर 6 सड़क 31 -1 एफ सेक्टर 6 निवासी अमित जोश उर्फ मोरिस 32 वर्ष का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। घटना शुक्रवार देर शाम की है। अपराधी अमित गोलीकांड करने के बाद से फरार था। एसीसीयू की टीम को जैसे ही अमित जोश भिलाई पहुचने की जानकारी मिली। पुलिस की टीम उसे पकड़ने पहुची। अपराधी अमित सेक्टर 6 स्थित जयंती स्टेडियम के समीप अपने दोस्तों के साथ पहुचा था।उसे पकड़ने पुलिस पहुची तो पुलिस वालों पर अमित जोश फायरिंग करना शुरु कर दिया। जिसमें पुलिस की स्कार्पियों सीजी 4 पीवी 6178 में जोरदार गोली चला दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग में अपराधी अमित जोश ढेर हो गया। पूरा मामला भिलाई के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जहां शुक्रवार को भिलाई का निगरानी गुंडा बदमाश अमित जोश मारा गया। खबर लगते ही कई बड़े अपराधी भूमिगत हो गए है। अपराधी अमित जोश के खिलाफ ट्विनसिटी के विभिन्न थानों में 36 से अधिक अपराध दर्ज है। अपराधी अमित जोश से कई लोग इससे परेशान थे। इसके डर से कई थानों तक नहीं पहुचते थे। अपनी दबंगई के चलते करीब दो दर्जन से अधिक बीएसपी क्वाटरो को कब्जा कर किराए पर चलाया करता था। भिलाई नगर थाना क्षेत्र के ग्लोब चौक सेक्टर 6 में तीन माह पूर्व बाइक सवार दो युवकों पर मामूली विवाद को लेकर अमित जोश गोली चलाकर फरार हो गया था। उसके बाद से पुलिस इस 35 हजार रुपए इनाम भी रखा था। लेकिन इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही थी।



### पहला एनकाउंटर 19 साल पहले

जिले का हिस्ट्रीशीटर तपन सरकार के गुर्गा गोविंद विश्वकर्मा का पहला एनकाउंटर वर्ष 2005 में तालपुरी एमडी बंगाला के समीप पुलिस के साथ मुठभेड हुआ था। इस दौरान पुलिस ने जवाबी फायरिंग में गोविंद को गोली लग गई और मौत के नींद सो गया था। इसके अलावा जामुल थाना क्षेत्र में नक्सली दंपत्ति का एनकाउंटर हुआ था। जिसमें दोनों की मौके पर मौत हो गई थी। इस तरह अमित जोश एनकाउंटर का दुर्ग जिले का तीसरा मामला है। अमित जोश के एनकाउंटर होने के बाद जिले के बड़े-बड़े हिस्ट्रीशीटर अब दूसरे जिलों में पनाह लेने की तैयार में जुट गए है। कुख्यात अपराधी अमित जोश भिलाई नगर, भट्ठी थाना का पुराना अपराधी है। उसके पिता आरची भी अपराधी किस्म का था उसकी पहले मौत हो चुकी है।

### एसीसीयू की टीम का दिखा जोश

अपराधी अमित जोश मामले में एसीसीयू के डीएसपी हेम प्रकाश नायक, प्रभारी तपेश्वर नेताम की जोडी और उनकी टीम ने जिले में अपराध मुक्त करने करने का जो बेडा उठाया है। जो तारीफे काबिल है। इस तरह के अफसर हर जिले में होने से अपराध मुख्त हो जाएगा। अमित जैसे खुंखार अपराधी गोलीकांड करने के बाद से फरार चल रहा था। टीम ने काफी प्रयास किया कि अमित जोश पुलिस गिरफ्त में आए लेकिन उसने दनादन पुलिस पर गोली चलाना शुरु कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग में अमित ढेर हो गया। उसके साथ बाइक में आया एक युवक फरार हो गया है। पुलिस की तलाश में है। लगातार बढ़ रहे अपराध को ध्यान में रखते हुए पुलिस की यह सख्ती शहर में चर्चा का विषय है। सभी वर्ग के लोग पुलिस कार्रवाई की तारीफ करते हुए थक रहे है।

### अमित ने की फायरिंग

मिली जानकारी के मुताबिक जयंती स्टेडियम के पीछे दो पुलिस कर्मियों ने अमित जोश की जानकारी लगने पर घेरकर रख लिया था। लेकिन अमित ने दो पुलिस कर्मियों पर फायरिंग करना शुरु कर दिया। खबर लगने पर एसीसीयू की टीम डीएसपी हेमप्रकाश नायक, टीआई तपेश्वर नेताम और भिलाई नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा पहुचे थे। अमित जोश की ओर से लगातार फायरिंग हो रहा था। पुलिस ने अपने बचाव में ताबड़तोड़ फायरिंग किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से कुख्यात अपराधी अमित जोश की मौके पर ही मौत हो गई।

### नकेल कसने का प्रयास

कुख्यात अपराधी अमित जोश का एनकाउंटर कर दुर्ग पुलिस ने जिले के बड़े अपराधियों को संदेश देने का प्रयास किया है। जिले में रहना हो तो शांति के साथ रहे। अपराधियों के लिए यहां कोई जगह नहीं है। जिले में बढ़ते अपराध को रोकने और हिस्ट्रीशीटरों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। अमित जोश एनकाउंटर के बाद बडे अपराधी भी सहम गए है। जिले में अमन चैन शांति व्यवस्था अब स्पष्ट रुप से दिखने लगेगा । फिलहाल लगातार शहर में अपराध बढ़ रहा था। आईजी राम गोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, सीएसपी हरिश पाटिल, सत्यप्रकाश तिवारी समेत दुर्ग जिले के अफसरों का बड़ा योगदान रहा है।

### था कुख्यात अपराधी



कुख्यात अपराधी था। उसके खिलाफ 35 से अधिक मामले थानों में दर्ज है। किसी के साथ भी बिना कारण के मारपीट करता था।आदतन बदमाश और लोगों की जान लेना उसके लिए छोटी बात थी। एनकाउंटर में सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के तहत अपराध दर्ज किया जाएगा। अपराधी द्वारा करीब 7-8 बार फायरिंग किया। जवाब में पुलिस के तरफ से भी उतनी ही फायरिंग की गई है।

-जितेन्द्र शुक्ला, एसपी दुर्ग

## परिवार छठ मनाने गया था झारखंड

# पुत्र ने कर दी बुजुर्ग पिता की फावड़ा मारकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खुर्सीपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आपसी विवाद के बाद पुत्र ने सो रहे अपने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी। बेटे ने पिता के सिर पर फावड़ा मारकर इस घटना को अंजाम दिया । दोनों के अलावा पूरा परिवार छठ मनाने झारखंड गया हुआ था। घर पर अकेले पिता और पुत्र ही थे। खुर्सीपार पुलिस के द्वारा आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल ने बताया कि सेवानिवृत्ति पिता श्याम नारायण पिता देवनाथ सिंह उम्र 65 वर्ष पता सड़क 52 क्व 11/C बालाजी नगर जोन 2 खुर्सीपार भिलाई व पुत्र करण नारायण सिंह दोनों के मध्य अक्सर विवाद हुआ करता था। पिता के द्वारा करण को नियमित रूप से रोजगार करने के लिए कहा जाता था। जिसके कारण करण अपने पिता से नाराज रहता था। लोक आस्था के महापर्व छठ होने के कारण श्याम नारायण का परिवार त्योहार मनाने के लिए रांची झारखंड गया हुआ था। रात को घर पर दोनों पिता पुत्र अकेले थे। इस मौके का लाभ उठाते हुए अपनी दुश्मनी निकालने के लिए पुत्र करण के द्वारा सो रहे पिता के सिर पर फावड़े से घातक वार किए

- पिता और पुत्र के बीच होता रहा है विवाद

।जिसके कारण बिस्तर पर ही बुजुर्ग श्याम नारायण की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर आरोपी करण नारायण सिंह को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की विवेचना जारी है। पुलिस ने इस घटना की सूचना झारखंड में उनके परिवार वालों को दे दी है।

छठ पर्व पर हुई इस घटना से पूरा परिवार स्तब्ध है। कार्रवाई में खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज समेत उनकी टीम का अहम योगदान रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों में नकेल कसने पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करती आ रही है।

# तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गांजा की तस्करी करने वाले दो युवक एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड-34 शिवपारा सात इमली पेड़ दुर्ग के पास रहने वाले दुलारी बाई ढीमर, गणेश उर्फ गन्नू ढीमर,



निशात उर्फ आर्यन उर्फ चिटरा यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 2.208 किलोग्राम गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है।

# दुर्ग नवतनवा, कानपुर सहित कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बिलासपुर-कटनी के बीच तीसरी लाइन जोड़ने का कार्य होने जा रहा है। इस कार्य की वजह से दुर्ग से चलने वाली नवतनवा एक्सप्रेस, दुर्ग कानपुर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें रद्द कर दी गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनुनपुर-कटनी सेक्शन में कुल 165.52 किलोमीटर रेलवे लाइन का कार्य किया जा रहा है । जिसकी कुल लागत 1680 करोड़ रुपये किया जा रहा है । अब तक इस सेक्शन में 101 .40 किलोमीटर रेलवे लाइन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है । करकेली रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन को जोड़ने का यहा कार्य 17 से 19 नवम्बर तक (विभिन्न तिथियो में) किया जायेगा ।

### दुर्ग की ये ट्रेनें नहीं चलेगी

रेलवे के मुताबिक 17 नवम्बर को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 18 नवम्बर को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 14 नवम्बर को दुर्ग से चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस और 16 नवम्बर को नौतनवा से चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 19 नवम्बर को चिरमिरी से चलने वाली 05755 चिरमिरी-अनुनपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 19 नवम्बर को अनुनपुर से चलने वाली 05756 अनुनपुर- चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक चिरमिरी से चलने वाली 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी- पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 16 नवम्बर से 19 नवम्बर, तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 17 नवम्बर से 20 नवम्बर, तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी ।

### ये ट्रेनें भी रहेगी रद्द

16 से 19 नवम्बर तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 17 से 20 नवम्बर तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15 से 19 नवम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 16 नवम्बर से 20 नवम्बर तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## नकटा तालाब के नामकरण विवाद का पटाक्षेप

# भोजपुरी गायिका की जगह अब पंथी नर्तक देवदास के नाम का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा कुरूद के नकटा तालाब का नाम वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा शारदा सरोवर किए जाने के विरोध और कुरूद तालाब का नाम स्व देवदास बंजारे ही रखे जाने की मांग पर विधायक ने सहमति जताई है। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा बातचीत के विडियो की कुछ सेकंड की क्लिपिंग वायरल किए जाने और कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री सहित दिग्गज नेताओं द्वारा इस विडियो को सोशल प्लेटफार्म पर पोस्ट करने के बाद शुक्रवार विधायक रिकेश सेन ने प्रकरण की वास्तविक जानकारी पत्रकार वार्ता के माध्यम से देते हुए कहा कि कांग्रेस की बी टीम क्रांति सेना है और अब क्रांति सेना की मांग पर कांग्रेस किस करवट बैठेगी यह बहुत जल्द सबके सामने होगा।

### सोशल मीडिया में अधूरी जानकारी के चला दी क्लिप

पत्रकारों से चर्चा में विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी शासकीय संपत्तियों, सार्वजनिक भवन, नगर, रोड आदि के नाम छत्तीसगढ़ क्रांति सेना की मांग के अनुरूप छत्तीसगढ़ के पुरखा लोगों के नाम पर रखे जाने का प्रस्ताव बनाने की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रस्ताव को सोशल मीडिया पर बगैर पूरी जानकारी छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अल्पांश विडियो को ट्वीट करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को भी स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब परिवर्तित नाम के प्रस्ताव को उनके द्वारा भिलाई निगम के महापौर परिषद को भेजा जाएगा। श्री सेन ने कहा कि निगम में कांग्रेस की एमआईसी, महापौर और सभी वरिष्ठ नेता छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के द्वारा की गई इस अनूठी मांग को कितनी शिद्दत से पूरी करने अपनी इच्छाशक्ति दिखाएंगे, यह बहुत जल्द सभी नागरिक देखेंगे।

### तालाब किसी धर्म विशेष का नहीं: विधायक रिकेश



विधायक रिकेश ने कहा कि क्रांति सेना की पहली मांग थी कि कुरुद के नकटा तालाब का नाम यदि भिलाई निगम के दस्तावेजों में अंतर्राष्ट्रीय पंथी नर्तक देवदास बंजारे के नाम पर अंकित है तो आज से इसी नाम से यह तालाब जाना जाएगा। क्रांति सेना की इस मांग पर सहमति देते हुए मैंने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में कई शासकीय संपत्तियां हैं, जिनमें से किसी एक का नाम गायिका शारदा सिन्हा रख दिया जाएगा। क्रांति सेना की आपत्ति थी कि कुरूद तालाब का नाम शारदा सिन्हा के नाम नहीं करना है तो नहीं होगा, परंतु क्रांति सेना ने अपनी दूसरी मांग यह रखी कि यूपी बिहार सहित देश के अन्य महापुरुषों के नाम पर छत्तीसगढ़ की कोई भी प्रॉपर्टी न की जाए। इसे भी मैं स्वीकार करता हू और क्रांति सेना की मांग पर वैशाली नगर विधानसभा में शासकीय संपत्तियों, तालाब, रोड, नगर, सार्वजनिक भवन आदि के अब नाम छत्तीसगढ़ के दिवंगत पुरखाओं एवं महान पुरुषों के नाम पर ही रखे जाने का प्रस्ताव बना रहा हूं।

### पहले था भोजपुरी गायिका शारदा के नाम का प्रस्ताव

दो दिन पहले पूर्व वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन के द्वारा सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायिका श्रीमती शारदा सिन्हा के नाम पर कुरूद ग्राम के नकटा तालाब का नाम रखा गया था, जिसका छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के द्वारा विरोध किया गया। क्रांति सेना के सदस्य के द्वारा विधायक पर जबड़ा पकड़ने एवं धमकी भरे लहजे से बात करने की एक कट विडियो क्लिपिंग वायरल की गई। जिसे कांग्रेस के बड़े नेताओं ने भी बिना प्रकरण की वास्तविकता जाने-समझे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए विधायक के उत्तेजित होने और दबंग भाव से चमकाने का आरोप भी लगाया गया था। इस विडियो क्लिपिंग को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा भी एक्स पर पोस्ट कर दिया गया।

### पुरखों के नाम ये नगर

वैशाली नगर का मोतीलाल नेहरू नगर वार्ड अब डॉ खूबचंद बघेल नगर, राम नगर से लगा हुआ राजीव नगर का नाम बदलकर उसे शहीद वीर नारायण सिंह नगर के नाम से जाना जाए। इसी प्रकार जवाहर नगर वार्ड-25 को पंडित सुंदरलाल शर्मा नगर, सोनिया गांधी नगर को मिनी माता नगर, इंदिरा नगर को छत्तीसगढ़ महतारी नगर, संजय नगर को तीजन बाई नगर के नाम से जाना जाए।

### क्रांति सेना कांग्रेस की बी टीम

वैशाली नगर विधायक ने कहा कि जब उसने बयान दिया तो बिना पूरे प्रकरण को सोचे समझे भूपेश बघेल ने उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट क्यों किया? इंडियन नेशनल कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने भी उसी आशय की पोस्ट अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डाल दी। इससे यह प्रमाणित हो गया है कि भूपेश बघेल और कांग्रेस की बी टीम में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना है। अब विधिवत तरीके से महापौर परिषद में यह प्रस्ताव को भेजा जाएगा। नगर निगम के महापौर व महापौर परिषद को अब देखना होगा कि निगम नामों की स्वीकृति देता है या नहीं?

# रोल चेंजिंग के दौरान घटना बीएसपी कर्मचारी हुआ चोटिल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के रेल मिल में शुक्रवार एक गंभीर हादसा हुआ। जिसमें एक कर्मचारी को चोटें आईं। जानकारी के अनुसार बीएसपी कर्मचारी मनोरंजन श्रीवास्तव रेल मिल में रोल चेंजिंग के दौरान 950 स्टैंड के पुलपिट में काम कर रहे थे। तभी, शाम करीब 4 बजे रोल चेंजिंग के वक्त वह अचानक स्किड हो गए। इस दुर्घटना में उनके कमर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। चोटिल स्थिति में उन्हें तुरंत मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद, उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें सेक्टर 9 अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद कर्मचारियों में दहशत फैल गई। बीएसपी में मशीनरी पुराने होते जा रहे हैं। इससे हादसे का खतरा बना रहता है।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**

## खबर संक्षेप

### निर्माण कार्य के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में सीसी रोड एवं डोम शेड निर्माण के लिए 53 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधानसभा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन विकासखण्ड धमधा में क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा एवं विकासखण्ड दुर्ग में क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में विकासखण्ड धमधा के ग्राम पंचायत अछोटी एवं ग्राम पंचायत पिटौरा में सीसी रोड निर्माण हेतु 10-10 लाख, ग्राम पंचायत चिखली में डोम शेड निर्माण हेतु 20 लाख रूपए, ग्राम पंचायत रवेलीडीह में शीतला मंदिर के पास डोम शेड हेतु 3 लाख एवं ग्राम पंचायत सिरसाखुर्द में सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### प्लेसमेंट कैम्प 14 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध 630 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 14 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक सोनाटा फाईनेंस लिमिटेड में 20, भारत फाईनेंस इंक्लूजन लिमिटेड में 110, माईंडलैब्ज मीडिया टेक प्राईवेट लिमिटेड में 200, क्वेस कॉर्प लिमिटेड में 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित हो सकते हैं। पदों, योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।

### डॉ. ऋचा बनीं संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव



पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगातार 30 वर्षों तक नृत्य विभाग में सेवाएँ देने के बाद अब शासन द्वारा उनकी नृत्य प्रतिभा कोसम्मानित करते हुए प्राचार्य पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किये है। नवीन संगीत कालेज की जिम्मेदारी डॉ. ऋचा ठाकुर को दी गई है।

# एपीएल हो या बीपीएल, सभी 70 प्लस बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केन्द्र सरकार की स्कीम के तहत सभी वर्ग के बुजूर्ग जो 70 प्लस पर पहुंच चुके है। उन्हें हर साल पांच लाख रूपए तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। इसकी तैयारियां चल रही है। साफ्टवेयर अपडेशन के बाद जिलेभर में करीब डेढ लाख से अधिक बुजूर्गो का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य शासन से निर्देश मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंजीयन की कार्यवाही शुरू की जाएगी। बहरहाल साफ्टवेयर में तकनीकि दिक्कत आने के कारण प्रक्रिया आगे नही बढ पाई है। अफसरों का कहना है कि, जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। शहर के विभिन्न वार्डो में इसके लिए शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जहां बुजूर्गो की मौजूदगी पर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इस योजना में खास बात यह है कि, एपीएल वाले को पचास और बीपीएल हितग्राही को पांच लाख तक इलाज मिलता था। लेकिन इस योजना में खासकर बुजूर्गो को चाहे वो एपीएल वर्ग में आता हो, या बीपीएल वर्ग के श्रेणी में आते है। सभी सत्तर साल की अधिक उम्र वाले बुजूर्गो को पांच लाख तक इलाज मिलेगा।

## जिले में डेढ़ लाख से अधिक बुजुर्गों को मिलेगा पांच लाख तक मुक्त इलाज का लाभ

### अलग से बनेगा बुजुर्गों का कार्ड

पहले एपीएल और बीपीएल के आधार पर बुजूर्गो को भी परिवार में शामिल किया गया था। लेकिन अब उनका अलग से पांच लाख तक का आयुष्मान कार्ड बनेगी। बशर्ते की वे इस वित्तिय वर्ष पांच लाख की राशि में इलाज न कराया हो, यदि वे परिवार के साथ बने कार्ड में इलाज करा चुके है तो उन्हें उतनी राशि कम की जा सकती हैं। ऐसे में आने वाले वित्तिय वर्ष में पूरी राशि का लाभ मिलेगा।



### आधार और राशन कार्ड जरूरी

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, बुजूर्गो का राशन कार्ड और आधार कार्ड के जरिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। बुधवार को टीएल की बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इस शिविर में भी कार्ड बनेगें। अधिकारियों ने बताया कि, इसके लिए केवाईसी भी कराया जाएगा। प्रति वर्ष बुजूर्ग हितग्राहियों को पांच लाख रुपए तक का अतिरिक्त टॉप अप कवर मिलेगा। इससे वे स्वयं का ही इलाज करा पाएंगे।

### जल्द शुरू करेंगे

साफ्टवेयर अपडेट किया जा रहा है। सत्तर प्लस आयुष्मान कार्ड की प्रक्रिया आनलाइन होगी। आगामी दो दिनों में शुरू हो जाएगी।

**-डां मनोज दानी,** सीएमओ दुर्ग

## तनाव : आयुक्त ने पांच नवंबर को पत्र में बल उपलब्ध कराने की थी मांग

# बुलडोजर लेकर गए थे अफसर विरोध के बाद वापस लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

### दिनभर बोरसी वार्ड में चलता रहा प्रोपेगेंडा, मूकदर्शक बने रहे निगम के अफसर





शहर के बोरसीभांठा वार्ड पचास में आधा दर्जन से अधिक मकानों के कब्जे को हटाने गए अफसर विरोध के बाद उल्टे पांव वापस लौट गए। सुबह बारह बजे से देर शाम तक विरोध के चलते राजस्व और निगम के अधिकारी बैकफूट पर आ गए। जेसीबी देख कब्जाधारी नाराज हो गए और वे जेसीबी के सामने सडक पर लेट गए थे। कई जेसीबी के उपर बैठ गए। लेकिन मौके पर पर्याप्त पुलिस बल नही होने के कारण कार्यवाही खानापूर्ति तक सिमट गए। इस कार्यवाही से बोरसी वार्ड में जमकर तनाव की स्थिति निर्मित रही।

बोरसी वार्ड में कब्जा को हटाने की अगुवाई नगरनिगम दुर्ग द्वारा की गई थी। विगत पांच नवंबर को आयुक्त सुमीत अग्रवाल द्वारा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नियुक्त करने पत्र लिखा गया था। हांलाकि शुक्रवार को कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार भी मौजूद थे। निगम की टीम पुलिस बल, राजस्व अधिकारी और जेसीबी व बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची थी। निगम की माने तो तहसीलदार द्वारा जारी आदेश के बाद मौके का विगत अक्टूबर माह में ही नौप भी करा लिया गया था। शासकीय भूमि ख०नं० 194 रकबा 1.3680 हे0 अथवा प्राप्त पट्टा क्षेत्र से अधिक भूमि पर बिरंची चौधरी आ० हीरालाल चौधरी, जीवन यादव आ० कांति यादव, सुनीता भोंसले पति शिवजी भोंसले, डोमार बंजारे आ० आमिर बंजारे, हेमंत साहू आ० स्व० गणेश साहू एवं कुंज साहू आ० स्व० गणेश साहू द्वारा क्रमशः 525 वर्गफीट, 323 वर्गफीट, 977 वर्गफीट, 726 वर्गफीट, 645 वर्गफीट एवं 817 वर्गफीट भूमि पर अतिक्रमण कब्जा किए जाने का उल्लेख किया गया है, जिससे शासकीय एवं अन्य भूमि बाधित हो रही है।

उक्त अति० कब्जा हटाने हेतु अनावेदकों को इस कार्यालय से विधिवत नोटिस जारी की गई थी, परंतु आज दिनांक तक अतिक्रमण, कब्जा अनावेदको द्वारा नहीं हटाया गया है, जिसके तहत अनावेदकों द्वारा प्रस्तुत जवाब भी संतोषप्रद नही था। अतएव मौके पर बिना अनुमति अवैध निर्माण, कब्जा पाया गया है।

उक्त अवैध निर्माण को आठ नवंबर प्रातः 11 बजे हटाया जाना प्रस्तावित है। अवैध निर्माण, कब्जा हटाने की कार्यवाही के दौरान कानून व्यवस्था हेतु मजिस्ट्रेट पुलिस बल उपलब्ध कराने का मांग निगम द्वारा की गई थी। इस मामले में जानकारी लेने तहसीलदार पंचराम सलामे को फोन लगाया गया, लेकिन उन्होने रिसिव नही किया। नगरनिगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल का कहना है कि, तहसीलदार द्वारा निर्देश जारी किया गया था। उन्होने कार्यवाही के बारे में जानकारी नही होने की बात कही। हरिभूमि ने उन्हे बताया कि, पांच नवंबर को आपके पत्र में बल उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। जिस पर उन्होने जानकारी लेने की बात कही।

### कब्जाधारियों ने कहा- सिर्फ हमें कर रहे टारगेट

अतिक्रमण प्रभारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि, वार्ड के ही सुमन सुन्नी द्वारा कब्जाधारियों की शिकायत की गई थी। जिसके आधार पर कार्यवाही करने गए थे। लेकिन वार्डवासी इस बात को लेकर अड गए कि, सिर्फ हमें ही क्यों टारगेट किया जा रहा है। उन्होने कहा लगभग पूरा वार्ड कब्जा में हैं। न सिर्फ कब्जाधारी बल्कि वार्ड की महिलाओं की भीड मौके पर पहुंच गई और जेसीबी में चढ गए, कुछ तो सडक पर लेट गए। ऐसे में नायब तहसीलदार घटनाक्रम लिखकर पंचनामा कराए और दुबक कर वापस लौट गए।

### मौके पर पर्याप्त पुलिस बल भी नहीं था

बोरसी वार्ड में पद्नाभपुर थाने से ही कुछ बल भेजे गए थे। वही नायब तहसीलदार हुलेश्वर नाथ खुंटे थे। पर्याप्त बल नही होने के कारण राजस्व अधिकारी भी मूंकदर्शक बने रहे। इसके आलावा नगरनिगम के अतिक्रमण प्रभारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार अधिकारी थानसिंह सहित निगम के ही कर्मचारी थे। विवाद के चलते एमआईसी के मेंबर भी पहुंच गए थे। वार्ड पार्षद ज्ञानदास बंजारे ने बताया कि, कुछ ही लोगों को टारगेट किया जा रहा था। जिसके कारण सभी वार्डवासी कार्यवाही का विरोध कर रहे थे।

### वापस लौटना पड़ा

वार्ड में कब्जा हटाने के पहले वार्ड के लोगों द्वारा विरोध किया गया। विरोध के कारण कार्यवाही नही की जा सकी। पंचनामा बनाकर टीम को लौटना पड़ा।

**-गिरिश दीवान,** भवन अनुज्ञा अधिकारी

# अमलेश्वर नगरपालिका बनने से चार गांव प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- आगामी बारह नवंबर को होगा अंतिम प्रकाशन

अमलेश्वर को नगरपालिका बनाए जाने के बाद पाटन जनपद की सीमा प्रभावितो हो रही हैं। आगामी दिनों त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले जिला पंचायत द्वारा इसके लिए दावा आपत्ति भी मंगाए गए हैं। जिसमें इन गांव को छोडकर अन्य गांव के लिए आठ दावा आपत्ति भी आए हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, पूर्व सरकार द्वारा अमलेश्वर को नगरपालिका का दर्जा दिया गया हैं। नगरपालिका सीमा में पाटन जनपद का अमलेश्वर, बोथली, मगरघटा और खुरमुढा गांव आ रहे हैं। जानकारी अनुसार पाटन ब्लाक में 142 गांव है, जिसमें 108 पंचायत शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि, इसके लिए तीस अक्टूबर से आठ नवंबर तक दावा आपत्ति मंगाए गए थे। जिसमें इन गांव को छोडकर ग्राम पंचायत द्वारा भनसुली क्षेत्र को यथावत रखने की मांग आई हैं। वहीं राजेश ठाकुर अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी जामगांवआर द्वारा क्षेत्र 11-12 को यथावत रखने व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू द्वारा भी दोनो क्षेत्र को यथावथ रखने की पेशकश की हैं। वही ग्राम पंचायत केसरा को यथावत और सावनी ग्राम पंचायत को क्षेत्र क्रमांक दस में शामिल करने की मांग की गई हैं। मोरध्वज साहू सभापति द्वारा ग्राम सावनी को क्षेत्र क्रमांक दस में शामिल करने, महेन्द्र वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस पाटन द्वारा वही मांग की गई हैं।

### बाकी गांव यथावत रहेगें

जिला पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि, अमलेश्वर नगरपालिका बनने के कारण वहां के कुछ गांव प्रभावित होगें। वही शेष गांव और दोनो ब्लाक के गांव यथावत रहेगें। बताया गया कि, अंतिम प्रकाशन की सूची जिला कार्यालय, जनपद, अनुविभागीय अधिकारी और ग्राम पंचायत में चस्पा की जाएगी।

## दिव्यांग, बुजुर्ग और नक्सल प्रभावितों को 50 प्रतिशत छूट, अधिक किराया वसूली पर कार्रवाई

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा आम जनता को बेहतर यातायात एवं परिवहन के साधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से राज्य के विभिन्न मार्गों में साधारण श्रेणी से लेकर वातानुकूलित शयन श्रेणी के निजी यात्री वाहनें संचालित है, जो आम जनता व यात्रियों को उनके निर्धारित गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचाने का काम करती है। राज्य शासन द्वारा इन्हीं संचालित निजी यात्री वाहनों में सफर करने वाले ऐसे व्यक्ति जो दृष्टिहीन है, बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जो दोनों पैरों से चलने में असमर्थ है, वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 साल या उससे अधिक है, एच.आई.व्ही. एड्स से पीड़ित व्यक्ति को यात्री किराये में 100 प्रतिशत छूट दी गई है। समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति का प्रमाण पत्र रखने वाले व्यक्ति को यात्री बस में सफर करने पर किराये में 50 प्रतिशत की रियायत छूट दिये जाने हेतु अधिसूचित गया है। उन्होने बताया कि, अधिक किराया वसूल करते पाये गये वाहन एवं बिना किराया दर सूची चस्पा किये संचालित होते पाए गए 349 यात्री वाहनों में चालानी कार्यवाही कर कुल 4 लाख 47 हजार 800 रू. समन शुल्क वसूल किया गया। यदि यात्रा के दौरान वाहन संचालन द्वारा किराये में छूट नहीं दी जाती है या किसी प्रकार का अभद्र दुर्व्यवहार पर कार्रवाई होगी।

# टैक्स वसूलने खुद पहुंचे आयुक्त, पंप संचालक का काटा बकाया टैक्स वसूला



**दुर्ग।** नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली में तेजी लाने सहायक राजस्व निरीक्षकों का वार्ड में निरन्तर टैक्स वसूली के निर्देश दिए। वार्डों में राजस्व वसूली में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आयुक्त ने आज आकस्मिक रूप से शहर के वार्डों में चल रहे राजस्व वसूली का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा कर वसूली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ वार्ड 56 स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप पहुचे। उन्होंने लक्ष्मी पेट्रोल पंप से वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक राशि रुपए 181000 टैक्स स्वंय लिया। आयुक्त सुमित अग्रवाल के द्वारा राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली को लेकर लगातार समीक्षा कर वसूली में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है।

## महेंद्र का प्लाटून कमांडर पद पर चयन

**दुर्ग।** बोरसी वार्ड 51 निवासी



धनेश्वर् साहू, दुर्गा साहू के सुपुत्र महेंद्र कुमार साहू का प्लाटून कमांडर (एसआई) पद पर चयन हो गया हैं। लगातार कड़ी मेहनत व लगन का परिणाम है कि, महेंद्र ने अपने क्षेत्र एवं परिवार का मान बढ़ाया है। स्थानी महावीर खेल मैदान बोरसी मे प्रतिदिन फिजिकल प्रैक्टिस कर बगैर स्पेशल कोचिंग के यह उपलब्धि प्राप्त किया है। गौरतलब है कि, मैदान मे प्रतिदिन युवाओं की टोली दौड़, लांग जंप, आदि जैसे फिजिकल एवेंट मे लगे रहते है। जिनको अब प्रोत्साहन की जरूरत है। फिजिकल मे विनोद नायर, चंद्रमोहन वर्मा व इंद्रेश भुआर्य का विशेष मार्गदर्शन मिला। महेंद्र के प्लाटून कमांडर पद पर चयन होने पर खिलेंद्र साहू, योगेश भुआर्य,आयुष, पृथ्वी, दीपक, तीरथ तथा सभी स्थानीय नागरिकों मित्रो व परिवार के लोगो ने बधाई दी।

## आयुक्त ने किया नये बस स्टैंड का निरीक्षण

# अवैध पार्किंग, वाहन चालकों को खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- ठेकेदार को लगाई जमकर फटकार

लगातार शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार को नव नियुक्त आयुक्त सुमीत अग्रवाल नया बस स्टैंड पहुंचे। आयुक्त के निरिक्षण पर आने से अवैध पार्किंग वाहन चालको के बीच हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई थी। आयुक्त ने बेतरतीब खडे वाहनों को हटाने के निर्देश दिए, वही दुकान के सामने खडे मालवाहक वाहनों को भी खडेडा गया। इस दौरान ठेकेदार को भी जमकर फटकार लगाई गई।

उल्लेखनीय है कि, हरिभूमि द्वारा विगत दिनों नया बस स्टैंड में आसामाजिक तत्वों का ढेरा और पार्किंग में मनमानी किए जाने की खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद नए आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की हैं। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड के मुख्य मार्ग एव निगम पीछे मार्ग पर अव्यस्थित खड़ी बसों व वाहनों पर भी कार्रवाई को कहा। कार्रवाही की बात सुनते ही बस स्टैंड में हड़कम मच गया। वाहन चालक वाहनों को हटाते दिखे। उन्होंने बस स्टैंड में खड़े बेतरतीब वाहनों को हटाने के निर्देश दिए, साथ ही दुकानों के सामने खाली वाहनों को भी सही तरीके से लगाने के दुकानदारों को निर्देशित किया।,आयुक्त ने बस स्टैंड में होटल, पान ठेले व अन्य दुकानदार द्वारा लगाए जा रहे पिकअप वाहनों को भी हटाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही कपड़ा दुकान के सामने खड़े करने वाले वाहन को भी हटाने को कहा गया। इस दौरान उन्होंने बस के कंडक्टरों एजेंटो को भी हिदायत देते हुए बसों को सही तरीके से लगाने के भी निर्देशित किया।

### स्टैंड में साफ-सफाई के दिए निर्देश

आयुक्त द्वारा रैन बसेरा भवन का भी मुआयना अधिकारियों के साथ किया। वहाँ



रहने वाले लोगों से बातचीत कर व्यवस्था की जानकारी भी ली। पूरे नये बस स्टैंड को साफ सुधरा रखने कहा गया। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। बस स्टैंड में बेतरतीब खड़ी बसों को बस मालिकों से हटाने के लिए कहा गया। उन्होंने कार्रवाही के दौरान कहा कि, बस खड़ी कर बसों की धुलाई कर बस स्टैंड में गंदगी न फैलाएं।

### पहले नहीं हुई थी कार्रवाई

नया बस स्टैंड में लगातार शिकायत आ रही थी। इसके बाद भी तत्कालीन आयुक्त द्वारा टेंडर कराए जाने का हवाला दिया गया और यातायात विभाग ने भी कोई कार्यवाही नही की थी। नए आयुक्त ने इस मामले में गंभीरता दिखाई। उन्होंने कहा कि, बस स्टेंण्ड पर लोगों को असुविधाएं न हों। इस दौरान यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव सहित अमला के साथ नये बस स्टैंड का निरीक्षण किया। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने मौके पर निगम अधिकारियों को नये बस स्टैंड की समस्याओं के त्वरित निदान के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे सीमा से अधिक क्षेत्र में पोस्टर व साइन बोर्ड को जब्त करें।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# भिलाई इस्पात संयंत्र की मोडेक्स इकाइयों ने ढाला रिकार्ड फौलाद

## वित्तीय वर्ष में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन, बीएफ-8 ने 1.58 एमएल टन व बीआरएम का 5.68 मिलियन टन उत्पादन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन दर्ज किया है । सभी मॉडेक्स इकाइयों ब्लास्ट फर्नेस 8, स्टील मेल्टिंग शाप 3, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड राड मिल तथा रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट–3 ने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस द्वारा अप्रैल,अक्टूबर अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज किया गया।

संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट ब्लास्ट फर्नेस–8 ने अप्रैल से अक्टूबर अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ हाट मेटल उत्पादन 1.58 मिलियन टन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2023–24 की इसी अवधि अप्रैल–अक्टूबर में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.57 मिलियन टन को पार किया। स्टील मेल्टिंग शाप 3 ने सर्वश्रेष्ठ कास्ट स्टील उत्पादन 2.04 मिलियन टन दर्ज किया, जो कि पिछले वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.99 मिलियन टन से अधिक है। इसके अंतर्गत पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल–अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.32 मिलियन टन की तुलना में बिलेट्स का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.33 मिलियन टन शामिल है। बार एंड राड मिल ने भी अप्रैल से अक्टूबर अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.68 लाख टन दर्ज कर, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि अप्रैल से अक्टूबर में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.64 लाख टन को पार किया।

### यूआरएम ने बनाया रिकार्ड रांग रेल

यूनिट यूनिवर्सल रेल मिल ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्राइम रेल उत्पादन 4.88 लाख टन दर्ज किया। इसके तहत अब तक का सर्वश्रेष्ठ लांग रेल उत्पादन 4.71 लाख टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल–अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.54 लाख टन से कहीं अधिक है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) से लांग रेल उत्पादन सहित संयंत्र द्वारा कुल लांग रेल उत्पादन, पिछले वित्त वर्ष 2023–24 की इसी अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.41 लाख टन की तुलना में अब तक का उच्चतम उत्पादन 5.80 लाख टन दर्ज किया गया। लांग रेल की कुल लोडिंग 5.80 लाख टन दर्ज की गई, जो कि इस अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ रहा। आरएसएम द्वारा दर्ज लांग रेल की अब तक की उच्चतम लोडिंग 1.06 लाख टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 87,141 टन से कहीं अधिक है।



### आरएमपी -3 का 3.72 लाख टन कैल्साइंड डोलोमाइट

मॉडेक्स इकाई आरएमपी 3 ने अप्रैल से अक्टूबर की अवधि के लिए लाइम और कैल्साइन्ड डोलोमाइट का 3.72 लाख टन उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष 2023–24 के अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.93 लाख टन को पार किया। अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिश्ड स्टील उत्पादन 2.729 मिलियन टन दर्ज किया, जो कि वित्तीय वर्ष 2023–24 की इसी अवधि अप्रैल से अक्टूबर में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.728 मिलियन टन से अधिक है।

## खबर संक्षेप



### कलश स्थापना और दीपयज्ञ का आयोजन

**सेलूद।** ग्राम सेलूद में 2 जनवरी से 5 जनवरी तक होने वाले 24 कुण्डली महायज्ञ, शक्ति सवंर्धन एवं विराट महिला सम्मेलन के लिए प्रचार-प्रसार गांव-गांव में किया जा रहा है। पाटन क्षेत्र के 51 गांव में कलश स्थापना किया जा चुका है। सभी गांव में जाकर समन्वयक गायत्री प्रज्ञा पीठ आमालोरी अशोक सिंह राजपूत, संयोजक खेमलाल साहू, सह संयोजक अजय सिंग ठाकुर, संजय यदु के द्वारा ग्राम पतोरा के रावण भांठा दुर्गा मंच पर हरीश चंद्र सोनकातर समन्वयक गायत्री प्रज्ञा पीठ पतोरा के मार्गदर्शन में दीप प्रज्जवलित कर घर-घर में कलश स्थापना की शुरुआत की गई।

### दुर्घटना की आशंका

**भिलाई ।** कोहका तिराहा की मुख्य गली में स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधेरा पसरा हुआ है। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण दोपहिया चालक किनारे नाली में गिर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने निगम से स्ट्रीट लाइट ठीक कराने की मांग की है। गली के किनारे नाली और नुकीला पत्थर हो ने से आने जाने के दौरान लोग चोटिल भी हो रहे हैं।

## आधुनिक खेती से किसान आत्मनिर्भर होकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे

# खेती में धान मिंजाई के परंपरागत साधन विलुप्त, हार्वेस्टर का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ में आधुनिक खेती और समितियों के द्वारा धान खरीदी से किसान आर्थिक रूप से संबल हो रहे हैं। साथ ही आधुनिक खेती करने से जहां पुराने खेती के साधन विलुप्त हो रहे हैं, लेकिन आधुनिक खेती के संसाधनों का उपयोग करने से उत्पादन लागत में कमी आने से खेती करने वाले किसान आर्थिक रूप से मजबूत होने लगे हैं और अब खेती के लिए विभिन्न सुविधाओं जैसे ट्युब वेल, सोलर ट्युब वेल अपनाने लगे हैं। पाटन क्षेत्र के लोग राजनीतिक क्षेत्र व पढ़ाई लिखाई की दृष्टि से पहले से ही अत्यंत जागरुक है। लेकिन अब यहां के किसानों ने भी जागरुकता दिखाकर मिशाल कायम किया है। आधुनिकता के साथ परंपरागत के बीच समन्वय स्थापित कर सरकार के विभिन्न सुविधाओं के बावजूद किसान दर्जनों परेशानियों के बीच खेती कर रहे हैं। लेकिन कुछ समस्याओं को लेकर लगातार किसान परेशान हो रहे हैं और इस परेशानी के बाद भी किसान धान के लिए आधुनिक खेती अपनाने से किसानों को आर्थिक संबलता मिल रही है। खेती जमीन में प्लांटिग करने से पानी आने के वाटर कोश बंद हो रहे हैं इससे पानी खेतों तक पहुंचने में बहुत दिक्कत हो रही है। शहरों के अधिक पैसे वाले जमीन खरीदकर घेरा करने से किसानों को खेत आने जाने के रास्ते बंद कर रहे हैं। इससे धान लाने ले जाने में बहुत परेशानी हो रही है। पैरे को मिट्टी में दबाने से पर्यावरण प्रदूषण भी नही होगा और धान उत्पादन के लिए खेतों को नेचुरल खाद भी मिल जायेगा।

### किसान पर्यावरण के प्रति हुए सजग



### किसान पैरे का कर रहे सही उपयोग

किसान आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करने से खेतों के उत्पाद का सही उपयोग कैसे करे यह परेशानी बन गया है। हार्वेस्टर और थ्रेशर से मिंजाई कार्य करने से खेत में ही पैरा छूट जाता है। किसान उस पैरे को आग लगा देते थे, लेकिन उससे उठने वाले धुएं ठंड होने के कारण नमीयुक्त होकर ऊपर नही उठ पाते थे और आसपास नीचे ही फैल जाते थे । इससे वातावरण प्रदूषित होना शुरु हो गया था इसी बात को ध्यान रखकर किसानों ने अपने पैरे का सही उपयोग करना शुरु कर दिया है। सेलूद के किसानों ने बताया कि मेरे घर में बहुत से जानवर है उसके लिए पैरे की कुट्टी व्यवस्था करने के बाद बचे हुए पैरे को मिट्टी के साथ दबाकर खाद बनाते हैं जिससे खेतों में वर्षा के पहले डालते हैं जिससे उत्पादन में बढोत्तरी हो रही है। ग्राम मुडपार के कृषक नरसिंग यादव ने बताया कि आधुनिक खेती आने से खेतों में पैरा छूट जाता है लेकिन घर में जानवर होने के कारण बाद में सभी पैरा को बैलगाड़ी से घर में ढुलाई करते हैं।

### चावल खाद्य सुरक्षा का वाहक बनेगा

चावल भविष्य का खाद्यान है और यही खाद्य सुरक्षा का वाहक बनेगा। यह कहना है कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के पास आराम करने का वक्त नहीं है। उन्हें चावल की ऐसी किस्में विकसित करनी होगी जो पर्यावरण में हो रहे बदलावों के अनुकूल हों और जिससे चावल का उत्पादन बढ़ सके। स्वामीनाथन को भारत में हरित क्रांति का जनक माना जाता है। परंपरागत चीजें विलुप्त होती जा रही है। पहले मिंजाई के लिए बेलनगाड़ी का उपयोग करते थे उनका स्थान ट्रैक्टर ने लिया अब ट्रैक्टर से भी मिंजाई बहुत कम हो गई है उसके स्थान पर धान काटने खलिहान तैयार करने और मजदूरों की कमी को ध्यान में रखकर किसान खेत में ही खरही लगाकर आधुनिक मशीन थ्रेशर से मिंजाई करने लगे हैं। साथ ही किसानों के द्वारा हार्वेस्टर के द्वारा भी धान मिंजाई का कार्य करने लगे हैं। इन आधुनिक उपकरणों से जहां समय कम लगता है वहीं उत्पादन लागत भी कम आती है लेकिन इसमें पैरे की प्रमुख समस्या उत्पन्न होती है। कुछ किसान अपने ट्रैक्टर या बैलगाड़ी से जानवरों को खिलाने के लिए पैरे को अपने खलिहान तक ले जाते है लेकिन जिस किसान के पास जानवर नहीं है उन किसानों के द्वारा पैरे को खेत में जला दिया जाता था लेकिन अब किसानों में जागरुकता आई है। सरकार के द्वारा मनाही के बाद पैरे को अपने खेत में जलाने के बजाय खाद बनाने के उपयोग में लाया जा रहा है। यह जागृति किसानों में आई है यह पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है।

# स्वास्थ्य और आवासीय क्षेत्र में कर्मियों को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ भिलाई इस्पात मजदूर संघ की कार्य समिति बैठक

भिलाई इस्पात मजदूर संघ की कार्यसमिति की बैठक सेक्टर 9 यूनिय के कार्यालय में हुई। अध्यक्षता बीएमएस अध्यक्ष दिनेश कुमार पाण्डेय ने की। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ कार्यालय सेक्टर 6 में सम्पन्न हुई ।बैठक में इस्पात मज़दूर संघ के अध्यक्ष तथा महामन्त्री अन्य पदाधिकारियों ने प्रमुख वक्ता बीएमएस नेता सुनील किदवई को शाल एवं श्रीफल भेंट किया । श्री किदवई ने सभी को साथ लेकर संगठन को मज़बूत करने के लिए कहा । उन्होंने कर्मचारियों के हित में कार्य करने का संदेश दिया। महामन्त्री चन्ना केशवलू ने यूनियन मान्यता के दो साल की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। बताया कि लाइसेंस में आवास की अमानत राशि 5 लाख को कम कर 2.5,लाख रूपये कराया गया, सेक्टर नौ हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजिस्ट के साथ 32 नए डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती हुई और कर्मचारियों के लिए सेक्टर-7 एवम सेक्टर-4 मॉडल क्लब हेतु 1.5 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई गई। मरीजों का रेफरल प्रक्रिया का सरलीकरण कराया गया।टार फ़ेल्टिंग का कार्य 1500 से अधिक मकानों में कराया गया और आवास आवंटन नीति में संशोधन कर एस-1 वाले को NQ-4 एवं एस-6 वालों को एनक्यू 5 की पात्रता आदि कई कार्य कराए गए।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन,आईपी मिश्रा,डिल्ली राव, शारदा गुप्ता,जगजीत सिंह,सुधीर गडेवाल,विनोद उपाध्याय संयुक्त महामन्त्री वशिष्ठ वर्मा,अनिल गजभिये,जोगिंदर कुमार,हरीशंकर चतुर्वेदी,भूपेन्द्र बंजारे,कोषाध्यक्ष रवि चौधरी सचिव ए वेंकट रमैया,संजय कुमार साकुरे,नागराजू,अखिलेश उपाध्याय,गंगा राम चौबे,प्रकाश सोनी,राजेंद्र सिंह ठाकुर,सह सचिव घनशयाम साहू,संतोष जगन्नाथ नाले ,भागीरथी चन्द्राकर,ईश्वर साहू उपस्थित थे ।

# छठ पर्व प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ लोगों को शुभकामनाएं दी और छठी माता का लिया आशीर्वाद



लोक आस्था के महापर्व छठ का शुक्रवार को चौथा और अंतिम दिन रहा। बीती शाम, शीतला कल्याणी मंदिर, नेवई डैम, के तट पर श्रद्धालुओं ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। सुबह उगते सूर्य का अर्घ्य देकर यह महापर्व संपन्न हुआ। इसके अलावा रिसाली क्षेत्र के वीआईपी नगर तालाब, हिन्दनगर, शीलता तलाब मरोदा, मैंनोमेनट रुआबांधा के अनेक घाटों में गुरुवार और शुक्रवार को छठ पूजा पर भगवान भुवन भास्कर को प्रथम और सुबह दूसरा अर्घ्य दिया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सुबह घाटों में पहुंचकर छठी मईया की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की और वहां उपस्थित जन समुदाय को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि छठ पर्व का सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं है। इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। यह पर्व स्वच्छता के साथ प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है। अदरक, मूली, गाजर, हल्दी जैसी गुणकारी सब्जियों से अर्घ्य दिया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। साथ ही साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाता है, जो हमें विभिन्न बीमारियों से बचाता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कमर तक पानी में डूबकर सूर्य की ओर देखना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। आगे श्री चंद्राकर ने कहा प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ यह पर्व आंवला, मकोई, मूंगफली जैसे फलों का महत्व बताते हुए इनके संरक्षण का संदेश देता है। इतना ही नहीं, यह विटामिन डी की कमी को भी पूरा करता है। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, राकेश त्रिपाठी, अनुपम साहू, कंचन सिंग, पुरेन्द्र साहू, नरेन्द्र निर्मलकर, रंजन सिन्हा, अजीत चौधरी, रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पार्षद टीकम साहू, जग्गू यादव, संतोष साव, शरद जैन, दीपक चौहान, अजीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, राजेन्द्र रजक, काजू यादव, जगदीश सिंह, पवन जैन, मोती बुंदेला आदि उपस्थित थे।

### उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य समर्पित कर छठ महापर्व का किया समापन



**कुम्हारी।** कुम्हारी में छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। बड़े तालाब में बने छठ घाटों पर सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, भक्तिमय माहौल में उषा ने नया रूप लिया। व्रतियों ने निर्जला व्रत रखकर सूर्य देव और छठी मैया की आराधना की। व्रतियों ने ढोल - नगाड़े और पटाखों के शोर के साथ छठ पर्व उत्साह पूर्वक मनाया इसके पहले घाटों को दीप व फूलों से सजाया गया। महिलाओं ने ठेकुआ, पूड़ी और अन्य प्रसाद बनाकर सूर्य देव को अर्पित किया। लोक आस्था का यह महापर्व छठ मंगलवार 5 नवंबर को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ और 6 नवम्बर को खरना के बाद 7 व 8 नवंबर को कुम्हारी स्थित बड़े तालाब के घाट पर सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए व्रतियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# भगवान कपिल मुनि सांख्य दर्शन के प्रवर्तक हैं: पं. तोरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



■ भागवत कथा में सती चरित्र, ध्रुव चरित्र व कपिल अवतार के प्रसंगों का किया वर्णन

ग्राम धनोरा में स्व. हिमांशु देशमुख के पुण्य स्मृति पर श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ चल रहा है। वहीं आचार्य पं. तोरन महाराज कुरना (कांकेर) वाले के श्री मुख से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री मद्भागवत कथा में सती चरित्र, ध्रुव चरित्र व कपिल अवतार के प्रसंगों का वर्णन किया। पं तोरण ने बताया कि भगवान विष्णु ने पांचवां अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया। इनके पिता का नाम महर्षि कर्दम व माता का नाम देवहूति था। शरशय्या पर पड़े हुए भीष्म पितामह के शरीर त्याग के समय वेदज्ञ व्यास आदि ऋषियों के साथ भगवान श्री कपिल मुनि भी वहां उपस्थित थे। भगवान कपिल मुनि सांख्य दर्शन के प्रवर्तक हैं। श्री गुरू भगवान कपिल महामुनि भागवत धर्म के प्रमुख बारह आचार्यों में से एक हैं। बताया कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में भाग लेने पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव का आमंत्रण और उनका भाग न दिए जाने पर कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया।

# कुर्मी समाज के राजप्रधान ने चलाई अनोखी मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

जया खुटियारे के पढ़ाई में अब कठिनाई नही आएगी। युगल किशोर आडिल राजप्रधान मनुवा कुर्मी समाज के राजप्रधान और राजेंद्र बघेल ने एक अनोखा मुहिम चलाया है। दोनों के द्वारा किया गया एक मानवता के कार्य को जनता नही भूल पाएगी। युगल किशोर आडिल ने बताया कि पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत तरीघाट की रहने वाली जया खुटियारे की पढ़ाई में आ रही थी कठिनाई जया खुटियारे बचपन से ही अपने दोनों पैरों से विकलांग है वे बचपन से ही पढ़ाई लिखाई में माहिर है लेकिन जया की आगे की पढ़ाई में मुश्किलें आ रही थी। वहीं राजप्रधान युगल किशोर आडिल और राजेंद्र बघेल ने बताया कि जया खुटियारे गरीब परिवार से आते हैं इनकी गरीबी को देखा नही गया और लोगो से एक छोटी सी चंदा एकत्र कर जया के लिए 42000 रु जनता से एकत्र कर और सर्व समाज ने इनकी मदद किया जिसमें विभिन्न समाज के लोगों के द्वारा अपने स्वेच्छा से अपनी राशि दान के रूप में दिए और जया को ट्राई सायकिल भेंट किया। जया विकलांगता को हरा कर वे खुशी खुशी ही कॉलेज जा सके। शासन और उच्चाधिकारियों से मांग कर रहे थे अपने बेटी जया खुटियारे के लिए ट्राई सायकिल की मांग की और इसे युगलकिशोर आडिल और राजेंद्र बघेल ने गंभीरता से लिया और जया खुटियारे को ट्राई सायकिल लोगो के द्वारा प्रदान किये और इस दीवाली के गिप्ट के रूप में दिए।



### इन्होंने किया सहयोग

जया खुटियारे को राजेन्द्र बघेल, युगल किशोर आडिल, ओम प्रकाश, अशोक साहू, प्रेमलाल वर्मा, मुकेश वर्मा, मनोज वर्मा, डॉ. विनय साहू, सत्य मार्ग वेलफेयर सोसायटी, वशिष्ठ जोशी, चंद्रिका बघेल, गोपाल प्रदीप चंद्राकर, मनीष पटेल, नागेन्द्र यादव, तजेंद्र सिन्हा, धर्मेन्द्र वर्मा, सोहन देवांगन, भूपेश शर्मा, हेमंत बघेल, वीरेन्द्र ठाकुर, चंद्रशेखर देवांगन, अमित श्रीवास, जलज सावर्णी, संजू वर्मा, किशोर साहू, यादव समाज तरीघाट, पांडे मेडिकल, जस्सू वर्मा आदि ने सहयोग किया।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा मनोरमा बोयर आ. स्व. लखन लाल बोयर उम्र लगभग 51 वर्ष, निवासी-हनुमान मंदिर के पास, भोई पारा, वार्ड नं.-04, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं दिये गये निर्देशों के आधार पर व की ओर से यह आम सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मनोरमा बोयर एवं सुखदेवी आ. स्व. सुखरू, सरोज बाला आ. स्व. सुखरू के साथ-साथ आप नोटिसी के अलावा अन्य व्यक्तियों के शामिलात नाम से मौजा अण्डा, प.ह.नं.-35/32, रा.नि.मं. अण्डा, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) में भूमि खसरा नं.-333, रकबा 0.3500 हे. स्थित है, जिसका मेरे पक्षकारागण स्वामी व आधिपत्यधारी है, चूंकि मेरी पक्षकारा के साथ साथ सुखदेवी एवं सरोजबाला स्वयं उपरोक्त जमीन का देखरेख करने हेतु आ-जा नहीं सकते थे, इसलिये आप नोटिसी को उक्त तीनों महिलाओं ने दिनांक-19.03.2024 को आपके पक्ष में आम मुख्त्यारनामा का निष्पादन किये हैं जिसकी वैधता दो वर्ष के लिये है। मुख्त्यार नियुक्तकर्ता सुखदेवी आ. सुखरू कहार की मृत्यु हो गई है इसलिये उपरोक्त मुख्त्यारनामा दिनांक-19.03.2024 की वैधता अपने आप समाप्त हो गया है इसके बावजूद भी चंद्रकांत आ. स्व. सुखरू कहार उम्र लगभग 52 वर्ष, निवासी-वार्ड क्र.-01, ग्राम-अण्डा, पोस्ट-अण्डा, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा सरोजबाला आ. सुखरू कहार को अपने प्रभाव में लेकर तथा सांठ-गांठ कर मेरी पक्षकारा को उनका हक व हिस्सा न देना पड़े कहकर छल-कपटपूर्वक फर्जी तरीके से विक्रय हस्तांतरण करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि मुख्त्यारनामा दिनांक-19.03. 2024 प्रभावहीन हो गया है और मुख्त्यार प्राप्तकर्ता चंद्रकांत को विक्रय हस्तांतरण करने का कोई हक व अधिकार नहीं है इसलिये कोई भी व्यक्ति संस्था व निकाय द्वारा किसी भी प्रकार का खरीदी-बिक्री न करें, क्योंकि उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार का बर्थराईट है। इसके बावजूद भी यदि कोई भी व्यक्ति संस्था व निकाय चंद्रकांत से खरीदी बिक्री का सौदा करते हैं तो संपूर्ण संव्यवहार अपने आप शून्य एवं अवैध माना जावेगा तथा क्रेता को कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। सो सूचना जानें।

बलराम सिंह वर्मा
अधिवक्ता तहसील परिसर दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 9300665251








04 चाल नजाकत वाली

**लाइव इवेंट**

## मुक्तकंठ बुलेटिन का लोकार्पण के बाद हुई काव्य गोष्ठी



**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति की आवश्यक बैठक स्टेशन मरौदा में हुई। कार्यकारिणी सदस्य संत कवि ओंकार दास के गृहप्रवेश के उपलक्ष्य पर मासिक बुलेटिन अक्टूबर अंक का लोकार्पण किया गया। इसके बाद मुक्तकंठ के रचनाकारों द्वारा काव्य पाठ किया, जिसमें गृहप्रवेश में उपस्थित लोगों ने कविताओं का भरपूर आनंद उठाया। सबसे पहले मुक्तकंठ के अध्यक्ष गोविंद पाल, महासचिव नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, संत कवि ओंकार दास एवं अन्य सदस्यों ने सहस्त्र बाहु भगवान के तैलचित्र पर माल्यार्पण व धूप-दीप जलाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उपस्थित मुक्तकंठ साहित्य समिति के सभी सदस्यों ने मिलकर सामुहिक रूप से बुलेटिन का लोकार्पण किया। मुक्तकंठ साहित्य समिति द्वारा यजमान संत कवि ओंकार दास को शाल श्रीफल से सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किया। इसके बाद रचनाकार रामबरन कोरी, प्रकाश चन्द्र मंडल, संत कवि ओंकार दास, ब्रिजेश मल्लिक, नीलम जायसवाल, विरेन्द्र कुमार सरकार, गोविंद पाल, नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, डॉ बीना सिंह रागी, माला सिंह आदि सभी ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया। संचालन नुरूस सबा खान ने किया। काव्य गोष्ठी में वी. नाथ, सत्यवती शुक्ला, ओमवीर करण, अलोक कुमार चंदा सहित अन्य उपस्थित थे।

■ मुक्तकंठ साहित्य समिति की मासिक बैठक में लोकार्पण और काव्य गोष्ठी



● ट्विनसिटी के तालाबों में उमड़ा जनसैलाब, नहीं दिखा बढ़ती ठंड का असर

# उग हो सूरज देव हुई अरघ के बेर...गीत गाकर दिया अर्घ्य, फिर तोड़ा 36 घंटे का उपवास, ऐसे हुआ छठ महापर्व का समापन

प्रकृति व धार्मिक आस्था से जुड़े छठ महापर्व के अंतिम दिन शुक्रवार की भोर छठ व्रतियों ने उदित भास्कर को अर्घ्य देकर अपने परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। छठ घाट पर व्रतियों ने सुबह 4 बजे से पानी में रहकर सूर्य देव के उदित होने का इंतजार करते हुए उन्हें जल व दूध का अर्घ्य देकर बच्चों व परिवार की खुशहाली की कामना कर छठ पूजा का पारण किया। ट्विनसिटी के सभी छोटे-बड़े तालाबों में छठ पूजा के अंतिम दिन सुबह 3 बजे से ही मेले जैसा माहौल देखने को मिला। व्रतधारियों ने तालाब के किनारे मिट्टी की बनी बेदी की पूजा कर तालाब में कमर तक पानी में उतरकर सूर्य देव की पूजा की और अर्घ्य दिया।



**भिलाई।** उदित सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सुहागिनें घाट पर एक दूसरे को सिंदूर दान कर प्रसाद बांटे। भिलाई के बैकुंठधाम, सूर्यकुंड छावनी, राधिका नगर, सुपेला, रामनगर, रूआबांधा, सेक्टर-2, सेक्टर-7, भेलवा तालाब कोहका, स्मृति नगर, रिसाली आदि तालाबों को भी सजाया गया था। सेक्टर 2 तालाब में सुबह 5 बजे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन पहुंचकर लोगो को पर्व की शुभकामनाएं दी। सेक्टर 1 के गार्डन में वरिशष्ठ पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा द्वारा गार्डन में ही तालाब बनाकर पूजा व्यवस्था कराई थी, साथ ही सेक्टर 7 शिव धाम समिति के संरक्षक लक्ष्मीपति राजू दवरा तालाब की सफाई कराकर लाईटिंग व अन्य व्यवस्था कराई ताकि व्रती आराम से पूजा कर सकें। ।

### सुबह सेक्टर-2 तालाब पहुंचे विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

सूर्यदेव की उपासना व लोक आस्था के महापर्व छठ का शुक्रवार के दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने सेक्टर -2 छठ तालाब पहुंचकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा- अर्चना की। इस दौरान छठ तालाब में इस महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं का माहौल देखते ही बन रहा था। पाण्डेय ने इस दौरान श्रद्धालुओं से भेंट की और उन्हें इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने छठी मईया और सूर्य देव से भिलाईवासियों के सुख- शांति और समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात वे सेक्टर 7, बैकुंठधाम एवं लक्ष्मण नगर तालाब छावनी पहुंचे एवं श्रद्धालुओं से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।












### छठ्ठ माता की प्रतिमा बनाकर की पूजा

उग हो सूरज देव हुई अरघ के बेर.. गीत गाते हुए व्रतियों ने जल में खड़े रहकर दिवाकर का इंतजार किया। अनेक व्रतधारियों ने अपने-अपने घरों के छत व आंगन पर बेदी व कुंड बनाकर पूजा अर्चना की। इसी कड़ी में पुराना शिव मंदिर कॉलोनी वैशाली नगर निवासी मनोज शुक्ला व उनकी धर्मपत्नि रितु शुक्ला द्वारा घर पर ही बेदी पर बनी छठी मैय्या के मूर्त रुप विधि-विधान से पूजा अर्चना की। रितु मनोज शुक्ला ने बताया कि माता के प्रति निष्ठा के चलते वे प्रतिवर्ष माता को रिझाने कुछ नए रुप में माता की आराधना करते आ रहे है। इस कार्य में आस-पड़ोस के लोगो का भी विशेष योगदान रहता है। यहां पूजा करने पहुंचे उमा राजू व प्रिति, श्रुति राजू ने बताया कि वे 3-4 सालों से तालाब के भीड़भाड़ से बचने शुक्ला परिवार में छठ पूजा करने पहुंचकर आराम से विधिविधान से पूजा कर माता का आर्शिवाद लेते है।

### सेक्टर-2 में 30 साल से छठ का आयोजन

सेक्टर 2 छठ तालाब में बीते 30 साल से पार्षद सीनू के द्वारा छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम प्रकाश पांडेय शामिल हुए। जिसका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। यहां सैकड़ों व्रतियों ने पूजा अर्चना की।

**सिटी इवेंट**

## 33 साल सेवा देने वाले अफसर हुए सेवानिवृत्त , महापौर शशि सिन्हा ने अपनी गाड़ी से घर छोड़ा



**भिलाई।** रिसाली निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक जगरनाथ कुशवाहा सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर अनोखी पहल की गई। गाजे-बाजे और आतिशबाजी के बीच ससम्मान निगम ने उन्हें घर पहुंचाया। 33 वर्षो तक निष्ठापूर्वक कार्य करने पर उन्हें आयुक्त मोनिका वर्मा ने दीर्घायु होने की कामना करते हुए सम्मानित किया। महापौर शशि सिन्हा ने सम्मान पूर्वक अपने सरकारी वाहन में बैठाकर निवास स्थान तक पहुंचाया।

बेहद सरल और मृदभाषी अधिकारी के रूप पहचान बनाने वाले कुशवाहा को धूम-धाम से विदाई दी गई। विदाई समारोह में सभापति केशव बंछोर ने रूंधे हुए गले से उद्बोधन दिया। वहीं महापौर ने आने वाली नई पीढ़ी को अनुभव और मार्गदर्शन देने की बात कही। इस अवसर पर समारोह में एमआईसी डॉ. सीमा साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, कार्यपालन अभियंता एमपी देवांगन, प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा, राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा, बृजेन्द्र परिहार, किरण वर्मा, चन्द्रपाल हरमुख, स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के विष्णु चन्द्राकर, शरद दुबे, सुरेन्द्र सोनबोईर आदि उपस्थित थे।

■ स्वच्छता निरीक्षक की सेवानिवृत्ति पर रिसाली निगम का अनोखा कार्यक्रम

### पहले पगड़ी पहनाया फिर सम्मान

रिसाली निगम में आयोजित विदाई समारोह में यह पहला अवसर था, जब पूरा कार्यालय सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी को घर तक पहुंचाया। दोपहिया और चार पहिया वाहनों का काफिला था। काफिला के आगे ढोल बज रहे थे और आतिशबाजी हो रही थी। विदाई समारोह में स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के रिसाली शाखा ने पहले पगड़ी पहनाकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। बाद में महापौर और कार्यपालन अभियंता एमपी देवांगन ने निगम की ओर से शाल, श्रीफल, गुलदस्ता और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद धर्मेन्द्र भगत ने भी शाल ओढ़ाकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बच्चों के फैंसी ड्रेस को मिली सराहना

**दुर्ग।** स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तितुरडीह में राज्य स्थापना दिवस पर विद्यालय के विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ लोककला और संस्कृति से परिचय कराने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रेमलता तिवारी के निर्देश पारंपरिक नृत्य, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा एवं श्रृंगार (फैंसी ड्रेस), छत्तीसगढ़ी व्यंजन की प्रदर्शनी, छत्तीसगढ़ी लोकगीत, लोक संस्कृति पर निबंध का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद अरुण सिंह थे। आयोजन में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय की शिक्षिका सुमन साहू ने राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम का आगाज़ किया। विद्यार्थियों ने सुवा नृत्य, छत्तीसगढ़ के परम्परागत गीत, परिधान में परम्परागत गहने मांग टिका, नथनी, खिंनवा, पहुची,



रुपया माला, ऐंठी, करधन, साटी, बिछिया, पागा, कलगी, कौड़ी, गलबन्ध आदि श्रृंगार किया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन में गुलगुला, गुझिया, खारा, चीला, फरा, नमकीन भजिया, पीडिया, चौसेला, अनरसा आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष इंद्र कुमार गंधर्व, जितेंद कुमार देशमुख, धनसिंग चंद्राकर, संतोष मरकाम, अन्नू सिंह उपस्थित, श्रद्धा गेडाम, घनश्याम पटेल, नवनीत कौर, एस कला, किशोर मनीषा सैमसंन, स्वीटी वर्मा, पंकज साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ ने 336 रन बनाए हरियाणा पर हार का खतरा

**भिलाई।** बीसीसीआई के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 कुच बेहार ट्रॉफी का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 में छत्तीसगढ़ एवं हरियाणा के मध्य मैच खेला जा रहा है। शुक्रवार को मैच का तीसरा दिन रहा। छत्तीसगढ़ दूसरी पारी में अपनी कल के स्कोर एक विकेट पर 104 रन से आगे खेलते हुए 336 रन बनाकर आउट हो गई। आदित्य श्रीवास्तव ने 76 रन, विवेक यादव ने 70 रन, विकल्प तिवारी ने 65 रन, साहिल रजत शरीफ ने 43 रन बनाए। हरियाणा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए कविष्क चौहान एवं शमी कड़ियांन ने चार-चार विकेट लिए। हरियाणा की दूसरी पारी शुरू से लड़खड़ा गई। टीम ने दिन का खेल



खत्म होने तक 6 विकेट पर 74 रन बनाए। छत्तीसगढ़ के तरफ से गेंदबाजी करते हुए ओम वैष्णो ने तीन विकेट, धनंजय नायक ने दो विकेट और कुमार ईशान ने एक विकेट लिए। 9 नवंबर को मैच का आखिर दिन है। हरियाणा को मैच बचाने के लिए अपने 4 विकेट बचाने हैं। वहीं छत्तीसगढ़ को जीत के लिए चार विकेट चाहिए।

**दशहरा मैदान रिसाली में कथा का तीसरा दिन, हर दिन जुट रहे भक्त**

कार्नर न्यूज

## श्रीमद् भागवत सुनने से दूर हो जाता है भय : गोपेश्वरी



**भिलाई।** दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में इन दिनों श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन कथा वाचक गोपेश्वरी ने शुकदेव जी और परीक्षित के प्रसंग की कथा सुनाई। उन्होंने कथा के माध्यम से बताया की शुकदेव से परीक्षित प्रश्न करते हैं कि संसार में जीव सर्वदा सदा अपने कल्याण के लिए क्या करें ? और जो जीव मरने वाला होता है उसको अपने कल्याण के लिए क्या करना चाहिए ? इसका उत्तर देते हुए शुकदेव ने बताया



कि केवल भक्तवत्सल कृष्ण की श्रवण कीर्तन, स्मरण, भक्ति करने से जीव अपना कल्याण कर सकता है। कैसे भी साधन से कृष्ण चरणों में मन अनुरक्त हो, भगवान प्रसन्न हो। क्योंकि वेदों का तात्पर्य कृष्ण में ही है। यज्ञों के उद्देश्य कृष्ण हैं। योगकृष्ण के लिए ही किए जाते हैं और समस्त कर्मों की परिसमाप्ति भी श्रीकृष्ण में ही है। ज्ञान से ब्रह्मस्वरूप श्रीकृष्ण की ही प्राप्ति होती है। तपस्या श्रीकृष्ण की प्रसन्नता के लिए ही की जाती है। श्रीकृष्ण के लिए ही धर्मों का अनुष्ठान होता है और सब गतियाँ श्रीकृष्ण में ही समा जाती हैं। गोपेश्वरी ने कथा में आगे बताया कि अनर्थों की शान्ति का साक्षात साधन है, केवल भगवान का भक्तियोग। परन्तु संसार के लोग इस बात को नहीं जानते। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीवन में हर तरह के भय दूर हो जाते हैं। आप इससे महसूस भी कर सकते हैं।

### वेद व्यास ने परमहंसों की संहिता श्रीमद् भागवत का रचना की

कथावाचक गोपेश्वरी ने प्रवचन के दौरान कहा कि महर्षि वेदव्यास ने परमहंसों की संहिता श्रीमद् भागवत की रचना की। इसको श्रवण मात्र से श्रीकृष्ण के प्रति परम प्रेममयी भक्ति हो जाती है, जिससे जीव के शोक, मोह और भय नष्ट हो जाते हैं। शुकदेव ने कहा परीक्षित मैं तुम्हें यही श्रीमद्भागवत कथा करवाउंगा। इसका लाभ यह होगा कि मृत्यु के समय भगवान की स्मृति अवश्य बनी रहे। शुकदेव और राजा परीक्षित के संवादों के प्रसंगों का वर्ण प्रवचनकर्ता ने कथा में शुकदेव और राजा परीक्षित के संवादों के प्रसंगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षित पूछने पर श्रृष्टि का विस्तार कैसे हुआ, इसकी जानकारी शुकदेव ने राजा परीक्षित को दी। फिर मनु महाराज और महारानी सतरूपा की संतानों की कथा सुनाई। इसमें ध्रुव चरित्र और जड़ भरत की कथा का रसपान कराया। उन्होंने पूरी कथा का वृतांत सुनाया। ध्रुव भगवान विष्णु के महान भक्त थे। ध्रुव उत्तानपाद (स्वयंभू मनु के पुत्र) के पुत्र थे। ध्रुव ने बचपन में ही घर छोड़कर तपस्या करने की ठानी। ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि ने उन्हें गोद में चढ़ने से रोक दिया था। ध्रुव ने सौतेली मां के अपमान से आहत होकर जंगल में तपस्या शुरू कर दी थी। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद ध्रुव ने तपस्या नहीं छोड़ी।

## सिटी इवेंट

# वार्डों में पहुंच रही मोबाइल वैन, सारी जांचें निशुल्क



**भिलाई।** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत भिलाई क्षेत्र में 4 गाड़ी चलाई जा रही है। जनरल ओपीडी के डॉक्टर एवं विशेषज्ञ डॉक्टर इसमें सेवाएं दे रहे हैं। आवश्यकतानुसार सभी प्रकार के ब्लड टेस्ट कराने की सुविधा गाड़ी में उपलब्ध है। डॉक्टर द्वारा लिखी गई सभी दवाएं एवं जांच निशुल्क है। प्रतिदिन सभी जोन में निर्धारित तिथि के अनुसार गाड़ी पहुंच रही है। जहां पर श्रमिक, उनके परिवार के सदस्य एवं आमजन इलाज करा सकते हैं। जो इलाज हम प्राइवेट डॉक्टर के पास जाकर कराते हैं, वह डॉक्टर हमसे फीस लेते हैं। हमें तमाम प्रकार की जांच लेबोरेटरी में जाकर कराते हैं। फिर जाकर हमें पता चलता है क्या बीमारी है। इसमें मजबूरी में हमारा अनावश्यक पैसा खर्च हो जाता है। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं 1 दाई-दीदी-क्लीनिक बस शहर में हर दिन घूम रही है। इसमें डॉक्टर, नर्स और आवश्यकता अनुसार दवाएं भी वितरित की जाती हैं। इसका समय सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तय है। वार्ड के सार्वजनिक स्थल पर लगाया जाता है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने श्रमिक बहुल्य क्षेत्र में रहने वाले परिवारो से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में जाकर शासन द्वारा प्रदाय चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाए। यह सुविधा सभी श्रमिकों और उनके परिवारो के लिए निशुल्क है।

- **मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 4 मोबाइल यूनिट वार्डों में पहुंचकर कर रही इलाज**

## सिटी लाइव

# स्टेनली विलियम भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष बने

**भिलाई।** संभागीय भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ भिलाई की तीसरी वार्षिक बैठक हुई। बैठक में आगामी तीन वर्ष के लिए संस्था के पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया। चुनाव अधिकारी समिति के सदस्य नवेसन सुमन उन्नी को नियुक्त किया गया। इस विषय में संभागीय कार्यालय के सहायक रजिस्ट्रार द्वारा कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नामों को उल्लेखित किया गया। साथ ही पदाधिकारियों को निर्वाचित किया गया। इसमें लांस नायक जान स्टेनली विलियम अध्यक्ष, लांस नायक एनके राठी उपाध्यक्ष, बृजमोहन सिंह सचिव, जीडी बिश्वाल कोषाध्यक्ष, रामदेव गुप्ता संगठन सचिव, शिवसागर कार्यकारिणी सदस्य, शोभा नायडू, प्रेमशीला विलियम चुने गए। बैठक में आगंतुक सदस्यों के प्रति एनके राठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्था को विकसित करने की प्रस्तावित योजना पर विचार किया गया। सभा की समाप्ति की घोषणा नदेसन सुमन उन्नी ने की।

- **संस्था की तीसरी वार्षिक बैठक में आगामी कार्ययोजनाओं पर निर्णय**

## समाज इवेंट

# दीपावली मिलन आज, कलाकार देंगे रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई नगर के तत्वावधान में प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में शनिवार शाम 6 बजे से दीपावली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया जायेगा। समिति की अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि इस अवसर पर देवांगन समाज के लोगों द्वारा अपने घरों से लाए दियों से पूरा मंदिर परिसर को सजाया जाएगा। संध्या समय मां परमेश्वरी की विशेष आरती होगी। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा हल्के पटाखे, अनार, चकरी और फुलझड़ियां जलाकर खुशियां मनाई जाएगी और उपस्थित लोग एक दूसरे को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं देंगे। इस अवसर पर देवांगन समाज के 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो सम्मान किया जाएगा। इसके बाद समिति के सांस्कृतिक विभाग के गायक गायिकाओं द्वारा दीपावली, दीप, रोशनी आदि पर केनद्रित दीपमाला संगीत संध्या का रंगारंग आयोजन होगा। कलाकारों द्वारा इसकी तैयारियां की जा रही हैं। समारोह में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। विभिन्न जाति समाजों के बीच सद्भाव एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन एवं स्थानीय सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है।

## शिक्षक कांग्रेस का दिवाली मिलन आज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस का दिवाली मिलन समारोह 9 नवम्बर को दोपहर 3 बजे शासकीय विद्यालय तकिया पारा दुर्ग में शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। दुर्ग जिला अध्यक्ष मोहसिन अली ने बताया कि इस कार्यक्रम में दुर्ग जिले के समस्त प्रांतीय पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा दुर्ग एवं भिलाईनगर इकाई के समस्त पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। दुर्ग जिला इकाई का पुनर्गठन भी किया जाएगा। इसे लेकर पहले सदस्यों के बीच चर्चा होगी।

---

**आनंद सरोवर बघेरा में एक दिवसीय व्याख्यान, माउंटआबू से ललित भाई का हुआ आगमन**

# मेरे जीवन का एक ही लक्ष्य रहा परमात्मा का साक्षात्कार, जो अब पूर्ण हुआ: ललित भाई

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आनंद सरोवर बघेरा में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन में संस्था के अंतराष्ट्रीय मुख्यालय माउंटआबू से ललित भाई का आगमन हुआ। वे व्याख्यान में प्रमुख वक्ता थे। वे संस्था के चार्टड अकाउंटेंट होने के साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। संस्था में विभिन्न पदों का निर्वहन कर रहे हैं। ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय में 1997 से वे जुड़े हुएए हैं। साथ ही अनेक पदों में सेवाएं दे रहे हैं। एक दिवसीय प्रवास पर दुर्ग में व्याख्यान हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि हम तीर्थ स्थान पर जाते हैं तो भाग्य तीर्थ स्थान का बनता है कि तीर्थ यात्री का ? तो हम बहुत भाग्यशाली हैं और आप भी जो आनंद सरोवर के इस तीर्थ स्थान पर आए हुए हैं। मेरे जीवन का एक ही लक्ष्य था, परमात्मा का साक्षात्कार करना, जो कि ब्रह्माकुमारीज में आने के बाद पूर्ण हो गया। एक छोटे से गांव से आए हुए मुझ जैसे सामान्य बालक को परमात्मा ने अपने श्रेष्ठ कार्य में सहयोगी बनाकर ऊंचे शिखर में सुशोभित किया। इसका महत्वपूर्ण कारण है जिस परमात्मा ने मेरा हाथ पकड़ा है। उस पर संपूर्ण निश्चय अंतिम घड़ी तक भगवान हमारे निश्चय की परीक्षा लेता है।



### भगवान को किसी कार्य के लिए याद दिलाना नहीं होता



ललित भाई ने कहा कि हमारा निश्चय और भगवान की याद हर कार्य में सफलता दिलाता है। मनुष्य को कोई कार्य बोलोगे तो उन्हें याद दिलाना पड़ता है भगवान को याद नहीं दिलाना पड़ता है। जहां भगवान पर निश्चय है वहां विजय है, जहां संशय है वहां भगवान नहीं है। अन्नय भाव से भगवान को याद करता है, वहां उनके सब कार्य की जिम्मेदारी भगवान ले लेता है। हजार हाथ का भगवान सिर्फ हम बच्चे महसूस कर सकते हैं, दुनियां वालों को पता भी नहीं चलता। जब हम राजयोग का अभ्यास करते हैं, तो व्यर्थ और नकारात्मक प्रभाव खत्म हो जाता है।

### व्याख्यान में बताया गया कि योग और मेडिटेशन क्यों जरूरी

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने बताया कि मेडिटेशन और योग क्यों जरूरी है। इससे पहले ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका रीटा बहन ने ललित भाई का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी का परम सौभाग्य है कि आपके आगमन से सभी अभिभूत हैं। मंच संचालन रुपाली बहन ने किया। सतीश जसवानी और लता सोनी के सुमधुर गीतों ने आयोजन में चार चांद लगा दिया। इस अवसर पर संस्था द्वारा कराए जाने वाले मेडिटेशन प्रोग्राम के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई। सदस्यों ने कहा कि प्रतिदिन सुबह और शाम के समय राजयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आधे घंटे से ज्यादा समय का मेडिटेशन कराया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे।



---

**5 से 7 दिसंबर को आयोजन**

# मिनी माता स्मृति सम्मान स्वयं सिद्धा की डॉ. सोनाली चक्रवर्ती को

**भिलाई।** अगासदिया एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़नि समिति के संयुक्त तत्वावधान में 5 से 7 दिसंबर के मध्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन ग्राम बघमरा बालोद में होगा। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों के सपूतों को दिया जाने वाले अगासदिया सम्मान 2024 के लिए नामों की घोषणा राजमाता फुलवादेवी के निर्देश पर कर दी गई है। चयन समिति के सदस्यगण राजमाता फुलवादेवी कांगे, कुंभदेव कांगे, साहित्यकार डॉ.परदेशीराम वर्मा, शिक्षाविद स्मिता वर्मा और कलाकार महेश वर्मा ने सर्व सम्मति से सम्मानों के लिए नामों का चयन किया। हीरासिंह देव उर्फ कंगला मांझी सम्मान हलबा समाज में जन्में दक्षिण बस्तर के गांव के निवासी चूड़ामणि पात्र को प्रदान किया जाएगा। बकरी चराकर जीवन यापन करने वाले बालक चूड़ामणि ने साहित्यकार जीआर राणा की प्रेरणा से स्कूल से जुड़कर आगे सात विषय में



एम.ए. किया। वे संगीत शास्त्री और रामायणी भी हैं। छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद महान् समाज सेवी मिनीमाता स्मृति सम्मान स्वयंसिद्धा की अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. सोनाली चक्रवर्ती को प्रदान किया जाएगा। वे भिलाई नगर में रहकर छत्तीसगढ़ भर में जागरण, एकता एवं सेवा का काम करती हैं। अगासदिया के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा ने यह जानकारी दी।

### साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए कमलेश होंगे सम्मानित

प्रसिध्द साहित्यकार नारायण लाल परमार सम्मान चर्चित बाल कविता लेखक कमलेश चंद्राकर को प्रदान किया जाएगा। कमलेश चंद्राकर ख्याति प्राप्त साहित्यकार नारायणलाल परमार की परंपरा को अपने सृजन से समृध्द कर रहे हैं। वे बालोद जिला के चौरेल गांव के समृध्द किसान एवं विगत चालीस वर्षों से सतत रचनाशील साहित्यकार हैं। छत्तीसगढ़ के महान सपूत हरि ठाकुर सम्मान रायगढ़ के पास डबरा निवासी किसान एवं प्रसिध्द साहित्यकार रामनाथ साहू को प्रदान किया जाएगा। वे हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ के साथ अंग्रेजी के लेखक हैं। तीनों भाषाओं में लिखकर उन्होंने यश प्राप्त किया है।

### किसान और चर्चित साहित्यकार का भी नाम शामिल

शहीद दुर्वासा लाल निषाद सम्मान बालोद जिला के कोहंगाटोला के किसान एवं प्रसिध्द कवि अशोक आकाश को प्रदान किया जाएगा। अशोक आकाश सेवा भावी चिकित्सक एवं चर्चित साहित्यकार हैं। संत पवन दीवान सम्मान हथबंद के पास स्थित गांव कुकरचुंदा के किसान एवं शिक्षाविद चोवाराम बादल को प्रदान किया जाएगा। वे छत्तीसगढ़ी महाकाव्य रामायण तथा स्वामी आत्मानंद पर छत्तीसगढ़ी में प्रथम चम्पूकाव्य लिखने वाले यशस्वी सफल मंचीय कवि और रामायणी हैं। सम्मान 6 दिसंबर 24 को कंगला मांझी सैनिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में ग्राम बघमार बालोद में दिया जाएगा। सम्मान समारोहों में विगत 17 वर्षों में राज्यपाल,केन्द्रीय मंत्री, छत्तीसगढ़ के मंत्रीगण मांझीधाम बघमार में सुयोग्य सपूतों को सम्मानित करते रहे हैं।

---

**स्वर्गीय दिनेश वैष्णो ने की थी शुरूआत**

# 24 साल से अनवरत राधे-कृष्ण का जाप, निकल रही प्रभातफेरी



**भिलाई।** पिछले 24 साल से लगातार राधे-कृष्ण नाम के जाप का अलौकिक महायज्ञ किया जा रहा है। हर दिन इसके लिए नगर भ्रमण के लिए प्रभात फेरी निकल रही है। संस्था द्वारा सुपेला में अनवरत यह कार्य किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 24 वर्ष पूर्व 7 नवंबर को मौनव्रत रहते हुए स्व. दिनेश वैष्णों ने की थी। इसका उद्देश्य प्रभु का नाम जपना, लोगों को स्वस्थ रखना, धर्म का प्रचार करना, सभी को लेकर चलना है। शुरुआत से जुड़े हुए त्रिलोक ताम्रकार ने बताया कि हनुमान मंदिर सुपेला से प्रभातफेरी निकाली जाती है, जो विभिन्न मोहल्ले से होते हुए सुपेला शीतला माता मंदिर तालाब परिसर में समाप्त होती है। महिलाएं और पुरुष सुबह 5 बजे हनुमान मंदिर सुपेला में एकत्रित होते हैं। वहां से गाते बजाते प्रभात फेरी निकलती है। इसमें प्रमुख रूप से हेलो हाय छोड़िए राधे-कृष्णा बोलिए...गीते गए जाते हैं। संस्थापक वैष्णों की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी उमा वैष्णव दायित्व संभाल रहीं हैं। उनका कहना है हम सब निरोग हैं, सुबह प्रभु का भजन करते हुए निकलते हैं। भारत विकास परिषद के भिलाई इकाई के समन्वय अनिल डागा को इसका पता चला तो भारत विकास परिषद के तरफ से कोषाध्यक्ष नितेश ठाकुर, बीएन पांडे, राकेश साहू, अजय शुक्ला को लेकर सुबह पहुंच गए। प्रभात फेरी में प्रतिदिन रुक्मणि ठाकुर, लता साहू, जोगेश्वरी, मंजूला ताम्रकार, के जिया पाल, दुबबाई, साधना कौशिक, लता यादव आदि शामिल होते हैं।

**हनुमान मंदिर सुपेला में हर दिन सुबह जुटते हैं राधा-कृष्ण के भक्त**

---

**आंध्र साहित्य समिति के बैनर तले यह पांचवा परिचय सम्मेलन**

# तेलुगु भाषी विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए मेगा इवेंट 10 को, चुनेंगे मनपसंद जीवन साथी

## कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आंध्र साहित्य समिति के बैनर तले बालाजी मंदिर के आंध्र भवन में इस रविवार को तेलुगु भाषी विवाहयोग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय वेदिका (सम्मेलन) का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का यह पांचवा वर्ष है, जो सुबह 9.30 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। पंजीयन फार्म समिति के पास उपलब्ध हैं। इस मेगा इवेंट में ट्विनसिटी के अलावा आसपास के शहरों रायपुर, बिलासपुर, चिरमिरी, कटनी, मनेंद्रगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं ओड़िशा के युवक-युवती अपने मनपसंद जीवनसाथी चुनेंगे। इनकी पूरी जानकारी बड़ी स्क्रीन के माध्यम से दी जाएगी।



### सक्रिय भूमिका में रहकर निभाएंगे अपनी जिम्मेदारी

इस सम्मेलन में आंध्र महिला मंडली सहित प्रबंधकारिणी सदस्यों सीएच श्रीनिवास, एस रवि, वाई भास्करराव, पी मुरहरी, के वेंकटराव, वेंकटेश्वर राव, के रमणमूर्ति, जेके राजू, एलएन राव, आर श्रीनिवास, जीवीकेएम रेड्डी, एम पद्मकिशोर, के श्रीनिवास, पी धर्माराव, केएल प्रसादराव, दुर्योधन रेड्डी, पी केशवराव, गणेश, बुच्चि लिंगम, एसवी विजय कुमार, पी हरिकृष्णा, वाईवीएस शर्मा, ए गोविंद राव, वीएसएस श्रीधर, ए सूर्य नारायण, आर गोपालराव तथा बी महेंद्रा की सक्रिय भूमिका रहेगी।

### मेगा इवेंट की रूपरेखा तय

मेगा इवेंट को अंतिम रूप देने के लिए अध्यक्ष पीवी राव तथा सचिव पीएस राव द्वारा गुरुवार को एक समीक्षा बैठक हुई, जिसमें उपाध्यक्ष के सुब्बाराव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, सहसचिव बीए नायडु व एनएस राव ने शिरकत की। परिचय वेदिका में शामिल होने के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त युवक-युवतियों ने पंजीयन फार्म भरना शुरू कर दिया है। यही नहीं सरहद के पार से भी पंजीयन शुरू हो चुका है। पंजीयन फार्म आयोजन के दिन भी स्वीकृत किए जाएंगे। इस बार पुराने पंजीयनों को डिस्प्ले नहीं करने का फैसला लिया गया है।

### आठ समूह निर्धारित

जीवनसाथी के चयन में ऊहापोह न हो इसके लिए जातीय आधार पर सात समूह तय किए गए हैं और एक ऐसा समूह भी बनाया गया है, जो जातीय बंधन से मुक्त है। अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ए समूह में- ब्राह्मण, वैष्णव, बी- तेलगा, कापू, सी- बलिजा, वाड़बलिजा, जालारी, डी- अग्निकुल क्षत्रिय, पल्ली, रेड्डी, ई- विश्व ब्राह्मण, स्वर्णकार, कम्मा, एफ- पद्मसाली, देवांग, पटनायक और जी समूह में वैश्व, गवरा, सोंडी एवं अन्य को रखा गया है, जबकि एच समूह जातीय बंधन से मुक्त रहेगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट में जारी है रोमांचक दौर



**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ द्वारा ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट सीएस-3 अंडर-14 गर्ल्स एवम बॉयज मुकाबले शुक्रवार से शुरू हुए। 10 नवम्बर तक यूनियन क्लब एवं छत्तीसगढ़ क्लब में जारी इस टूर्नामेंट के टूर्नामेंट डायरेक्टर टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा एवम मुख्य निर्णायक रुपेंद्र सिंह चौहान है।

पहले दिन के रोमांचक खेल में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में मुकाबले हुए। जिसमें बालिका वर्ग में रिया राय ने स्निजा नायर को 8-2 से शिकस्त दी और अगले दौर में प्रवेश किया। बालक वर्ग में हर्ष बारडिया ने चैतन्य ठक्कर को 8-5 से, रेयांश निगम ने अंशुमन तिवारी को 8-2 से, विहार शरण भाटिया ने वेद ठक्कर को 8-2 से, एकलव्य राजपूत ने अनीश परुलकार को 8-0 से, अव्यक्त अग्रवाल ने वैभव अग्रवाला (ओडिसा) को 8-3 से, तनव्य गोयल ने अनघ अग्रवाल (मप्र) को 8-1 से, वरदान गोवर्धन ने कबीर बरसैन्य को 8-1 से, लक्ष्य अग्रवाल ने अयान सरवत को 8-3 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनाई। 9 नवंबर को स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल एवम सेमी फाइनल मुकाबले यूनियन क्लब एवम छत्तीसगढ़ क्लब में खेले जाएंगे।

### रणजी ट्रॉफी में अजय की शानदार पारी



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा रणजी ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टूबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (06 - 09 नवंबर) को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में रेलवे टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन शुक्रवार को रेलवे ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 154.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 500 रन बनाए तथा पारी घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ की ओर से संजित देसाई ने शानदार शतक लगाते हुए 110 रन बनाये। कप्तान अमनदीप खरे ने 88 रन तथा अनुज तिवारी ने 84 रनो का योगदान दिया। इसके अतिरिक्त अजय मंडल ने 66 रन, आयुश पांडे ने 46 रन तथा ऋशभ तिवारी ने 31 रनों की पारी खेली। रेलवे की ओर से कर्ण शर्मा ने 3 विकेट, आदर्श सिंह तथा आकाश पांडे ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

तीसरे दिन की समाप्ति तक रेलवे ने अपनी पहली पारी में 100 ओवरों में 3 विकेट खोकर 323 रन बना लिये है। रेलवे की ओर से एस ए आहुजा ने नाबाद 135 रन तथा विवेक सिंह ने 86 रन बनाये। वही छत्तीसगढ की ओर से अजय मंडल ने 2 विकेट तथा रवि किरण ने 1 विकेट प्राप्त किये। दुसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 177 रनों से आगे है।

### कूच बेहार ट्रॉफी के लिए सीएससीएस ने जारी की खिलाड़ियों की सूची



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा कूच बेहार ट्रॉफी के लिए टीम के खिलाड़ियों की चयन सूची जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ की टीम भिलाई सिविक सेंटर के क्रिकेट मैदान में 13 से 16 नवंबर पंजाब के साथ खेलेगी। टीम शाहिल रजत शरीफ के नेतृत्व में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चयनित खिलाड़ियों में आदित्य श्रीवास्तव बिलासपुर, भूपेंद्र कुमार यादव बिलासपुर, कृष्णा टोंक रायपुर, साहिल रजत शरीफ कप्तान भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन, आलोक गुप्ता भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन, विकल्प तिवारी राजनांदगांव, प्रथम याचक भिलाई स्टील प्लांट, वैदिक मधुकर राजनांदगांव, विवेक यादव विकेटकीपर बिलासपुर, दक्ष कुमार पार्क विकेटकीपर रायपुर, ओम वैष्णव बिलासपुर, धनंजय नायक बिलासपुर, मोहम्मद फैज खान रायपुर, कुमार ईशान भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन, रुद्र प्रताप बस्तर, अंकित कुमार बिलासपुर और सूर्यकांत तिवारी कवर्धा शामिल है।

परीक्षण जरूर कराएं, इन स्थितियों में भी हो सकती है ये दिक्कत

# छाती में दर्द होना हर बार दिल का मामला नहीं, दूसरी बीमारी भी आ सकती है सामने

छाती में दर्द होने की समस्या काफी सामान्य है, इसके कई कारण हो सकते हैं। सांस के विकारों से लेकर, छाती में किसी प्रकार की चोट-संक्रमण या फिर हृदय स्वास्थ्य की समस्याएं इस तरह की दिक्कतों का कारण हो सकती हैं। आमतौर पर इस प्रकार के दर्द को हृदय रोगों की समस्या मान लिया जाता है, पर हर बार ये हृदय रोगों के कारण ही हो रही हो ये जरूरी नहीं है। इसकी कई और वजहें हो सकती हैं जिनपर भी ध्यान देना आवश्यक हो जाता है। क्या आपको भी अक्सर छाती में दर्द होने की समस्या रहती है? अगर हां तो इस बारे में किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ से मिलकर स्थिति का सही निदान जरूर करा लें। कुछ मामलों में ये गंभीर स्थिति हो सकती है जिसका समय रहते उपचार किया जाना जरूरी होता है।



### मस्कुलोस्केलेटल समस्याएं

छाती में होने वाला दर्द हर बार हृदय रोगों के कारण हो ये जरूरी नहीं है, कुछ स्थितियों में ये मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं का भी संकेत हो सकती है। इस स्थिति में मांसपेशियों, हड्डियों, टेंडन, लिगामेंट्स और अन्य संरचनाओं में दिक्कत होने लगती है। इन स्थितियों में सीने में दर्द मुख्य रूप से छाती और ऊपरी पीठ हिस्से में अधिक होता है। भारी सामान उठाने या ज्यादा मेहनत वाले काम करने की स्थिति में ये दर्द बढ़ने लगता है।

### हृदय रोगों में छाती का दर्द होना

सीने में दर्द होने को हृदय रोग की समस्या मान लिया जाता है। हार्ट की समस्याओं में छाती में होने वाला दर्द हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकता है। हार्ट अटैक की स्थिति में भी इस तरह का दर्द होना काफी सामान्य लक्षण हो सकता है। हार्ट अटैक गंभीर और जानलेवा स्थिति है, जिसमें तुरंत डॉक्टरी सहायता और उपचार प्राप्त करना जरूरी हो जाता है।




### गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं

कई प्रकार की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्थितियां सीने में दर्द का कारण बन सकती हैं। गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज (जीईआरडी) वाले रोगियों में ये समस्या होना काफी सामान्य है। यह पेप्टिक अल्सर, गैस्ट्रिटिस या ऐंठन का भी कारण बन सकती है। चूंकि गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और हृदय रोग, दोनों स्थितियों में होने वाले छाती के दर्द में लक्षण बहुत हद तक एक जैसे ही होते हैं, इसलिए लोगों में इसको लेकर कंफ्यूजन हो सकता है।

### पैनिक अटैक की स्थिति

पैनिक अटैक, मानसिक स्वास्थ्य के विकारों जैसे स्ट्रेस और एंग्जाइटी के कारण बढ़ सकती है, इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ने के साथ आपको छाती में दर्द महसूस हो सकता है। तनाव के प्रति शरीर की इस प्रतिक्रिया से मांसपेशियों में तनाव, श्वास और सीने में जकड़न होने लगती है।



## काम में मन नहीं और दिमाग रहता है अशांत तो शुरू कर दें इन योगासनों का अभ्यास

कई बार काम के तनाव, कमजोरी या अन्य कारणों से लोगों का मन व मस्तिष्क थकावट महसूस करता है। अक्सर ऐसा होता है कि आपका काम में मन नहीं लगता और दिमाग में कई तरह के विचार आते हैं, जिससे आपका दिमाग अशांत हो सकता है। तनाव के कारण भी इस तरह की समस्या होती है। अनिद्रा की शिकायत होने पर भी मन अशांत हो जाता है। अगर इस तरह की समस्या से आप भी ग्रसित हैं तो मन और दिमाग को शांत करने के लिए आपको योगासन का अभ्यास करना चाहिए। योग से दिमाग शांत रहता है। तनाव कम होता और अनिद्रा की समस्या से राहत मिलती है, जिससे एकाग्रता आती है। ऐसे में तनाव और अनिद्रा की शिकायत से राहत पाने के लिए और दिमाग को शांत रखने व एकाग्रता के लिए नियमित इन योगासनों का अभ्यास करें।

### वृक्षासन का अभ्यास

इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े होकर दाहिने घुटने को मोड़ते हुए दाहिने पंजे को बाएं जांघ पर रखें। अब पैर के तलवे को जांघ के ऊपर सीधा रखें। इसके बाद बाएं पैर को सीधा रखते हुए संतुलन बनाएं। गहरी सांस लें और नमस्कार की मुद्रा मे रहें। इस दौरान रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए सांस छोड़ते समय शरीर को ढीला छोड़ते जाएं। अब हाथों को नीचे लाएं। फिर दाएं पैर को भी सीधा करें। पहले वाली मुद्रा में खड़े हो जाएं। अब बाएं तलवे को दाहिनी जांघ पर रखकर आसन को दोहराएं।




### पश्चिमोत्तानासन

दिमाग की शक्ति बढ़ाने के लिए इस योगासन को फायदेमंद माना जाता है। एकाग्रता को सुधारने, तनाव दूर करने और दिमाग शांत रखने के लिए नियमित इस योगासन का अभ्यास करें। पश्चिमोत्तानासन के अभ्यास से शरीर ऊर्जावान बनता है और सक्रियता बढ़ती है। इस आसन को करने के लिए जमीन पर दोनों पैरों को फैलाकर बैठ जाएं। अब सांस लेते हुए हाथों को ऊपर उठाएं और सांस छोड़ते हुए हाथों को आगे की ओर ले जाएं। फिर हाथों की उंगलियों से पैरों की उंगलियों को पकड़ें। कोशिश करें कि इस पोज में आपकी नाक घुटने को छुए। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद पुनः सामान्य अवस्था में आ जाएं।

### बालासन

कमजोरी और थकान की शिकायत भी मन भ्रमित और दिमाग को असक्रिय बना देती है। ऐसे में बालानस का अभ्यास तनाव को कम करता है और शरीर की ऊर्जा को बढ़ाता है। बालासन का अभ्यास करने के लिए घुटनों के बल बैठकर दोनों टखने और एड़ियों को आपस में एक दूसरे से टच करें। गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर ले जाएं। फिर आगे की ओर झुकते हुए पेट को दोनों जांघों के बीच लाते हुए सांस छोड़ें। इस स्थिति में कुछ देर रहने के बा घुटनों को सीध में कर लें और वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं।



# टेबल टेनिस जूनियर और कैडेट में अर्जुन दीक्षांत तथा समाया को विजेता का खिताब




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल अंडर टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम

- 22वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रोमांचक दौर जारी

एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से 22वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 जारी है। 7 नवंबर से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में जारी प्रतियोगिता में यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक एवं बालिका एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के मुकाबले हुए।

यूथ अंडर-17 (जुनियर) तथा यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एवं बालिका एकल वर्ग प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय रायपुर के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष राजेश लुनिया ने किया। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव विमल नायर ने किया।

प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गये यूथ अंडर-17 (जूनियर) तथा यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के फायनल मैच में यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालक वर्ग विजेता- अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), उपविजेता- सिद्धा धुपर (रायपुर) 3-0 यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालिका वर्ग विजेता - समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता - चारवी मढ़रिया (दुर्ग) 3-2 यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक वर्ग विजेता - दीक्षांत कुमार जांगड़े (बिलासपुर), उपविजेता- कवीश काला (रायपुर) 3-0 यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग विजेता - समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता- लावण्या पांडे (रायपुर) 3-1 शामिल हैं। प्रतियोगिता में कल खेले गये टीम वर्गों के अन्य सभी फायनल मैच में यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक वर्ग में विजेता रायपुर उपविजेता- बिलासपुर 3-0 यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग विजेता- बिलासपुर उपविजेता- रायपुर 3-2, यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालक वर्ग विजेता- रायपुर उपविजेता- बिलासपुर 3-0 यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालिका वर्ग विजेता- रायपुर उपविजेता- दुर्ग 3-0 यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक विजेता- रायपुर उपविजेता- बिलासपुर 3-1 यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) बालिका वर्ग विजेता दुर्ग उपविजेता- रायपुर 3-1 यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग विजेता- रायपुर उपविजेता- बिलासपुर 3-0 रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रदीप जोशी एवं सहायक मुख्य निर्णायक विमल नायर, शिशिर गुप्ता और प्रवीण निरापुरे हैं।

## नाश्ते में परोसें मसालेदार कॉर्न रवा बॉल्स, चटखारे लेंगे लोग



अगर आप भी सूजी से एक ही तरह की डिश बनाकर और खाकर बोर हो गई हैं, तो फिर अब वक्त आ गया है कुछ नया ट्राई करने का। सूजी को एक बाउल में निकालें और हल्की आंच पर सूजी को भून लें। अब पैन में घी गर्म करें और राई, कॉर्न, अदरक, चिली फ्लेक्स, हल्दी पाउडर, नमक, सूजी और पानी डालकर पका लें। जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए, तो गैस बंद कर दें और सूजी का मिश्रण ठंडा होने के लिए रख दें। छोटी-छोटी बॉल्स बनाएं और 10 मिनट तक हल्की आंच पर स्टीम होने दें। अब पैन में 2 चम्मच तेल डालें और लाल मिर्च पाउडर, हरा धनिया और बचा हुआ सभी सामान डालकर पकाएं। फिर ऊपर से कॉर्न डालकर हरी चटनी के साथ सर्व करें।

कार्नर न्यूज

शादी के बाद बेटी से रिश्ते बनाए रखने जरूरी है कुछ बातों का ध्यान

# बेटी के मोह में मत कीजिए कभी ऐसी गलतियां वरना बिगड़ सकते हैं ससुराल में उनके रिश्ते

बेटी को शादी करके उन्हें ससुराल भेजना हर मां के लिए बहुत मुश्किल दौर होता है। कई माएं अपनी भावनाओं को संभाल भी नहीं पाती हैं। बेटी की इतनी परवाह करती हैं कि कई बार उनसे कुछ ऐसी गलतियां हो जाती है, जिससे ससुराल में बेटी एडजस्ट नहीं कर पाती हैं। हर मां के लिए उनके बच्चे दिल का टुकड़ा होते हैं। फिर चाहे बेटे हों या बेटियां, सभी के लिए मां का प्यार बराबर होता है, लेकिन मां का दिल सबसे ज्यादा परेशान तब होता है, जब उनकी बेटी की शादी हो जाती है और वह ससुराल चली जाती हैं। बेटी अगर आंखों से ओझल हो जाए तो मां रातभर चिंता में ठीक से सो भी नहीं पाती है। ऐसे में, बेटी का शादी करके किसी दूसरे घर का हिस्सा हो जाना उनके लिए काफी कठिन हो जाता है।

शादी से पहले भले ही मां अपनी बेटी को गलती पर डांट लगाती हों, लेकिन उनकी बेटी को कोई दूसरा कुछ कहे ये बात मां को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होता है। उनकी डांट में भी मां की परवाह होती है। मां का यह प्यार बेटी के ससुराल जाने के बाद और ज्यादा बढ़ जाता है। इसके कारण कई बार मां से ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जो बेटी की शादीशुदा जीवन प्रभावित करती है।




### ससुराल में बेटी को काम न करने की सलाह देना

शादी के बाद बेटी का ससुराल ही उसका अपना घर हो जाता है। यानी वहां के काम से लेकर सभी जिम्मेदारियों को भी उसे निभानी होती है। ऐसे में, अगर मां होकर आप अपनी बेटी को ससुराल में काम न करने की सलाह देती हैं, तो यह आपका प्यार नहीं, बल्कि उनके ससुराल में परेशानी को पैदा कर सकती है। ऐसा करने से बेटी ससुराल वाले घर को कभी अपना नहीं पाएंगी। इससे बेहतर है कि आप अपनी बेटी को यह समझाएं कि अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए काम करो। धीरे-धीरे सब मैनेज होने लग जाएगा।बात-बात पर बेटी को मायके बुलाना

बेटी ससुराल में तभी एडजस्ट कर पाएगी, जब उसका मायके वालों से मोह कम होगा। तभी वह अपने पति के परिवार को जल्दी अपना बना सकती है। दोनों ही पक्ष को बैलेंस करना और ससुराल को अपनाने में समय लगता है। इस बीच बार-बार बेटी को हर बात पर मायके बुलाना रिश्ते में बाधा पैदा कर सकता है।

### बार-बार बेटी को कॉल करना


बेटी को ससुराल भेज कर कोई भी मां चैन से नहीं रह पाती है। ऐसे में, बेटी की चिंता बार-बार सताती है और इसी फिक्र के कारण वह एक दिन में कई बार कॉल करके बेटी से बात करती है। जबकि मां को यह भी समझना चाहिए कि बेटी का एक घर उसका ससुराल है, जहां उसे एडजस्ट होने ज्यादा समय लग सकता है। नए सदस्यों के साथ बातचीत करना उनसे अच्छी बॉन्डिंग बनाना जरूरी होता है। ऐसे में, यदि आप बार-बार फोन करेंगी तो वह अपने नए परिवार को कभी भी अपना नहीं पाएगी और कभी खुश भी नहीं रह पाएगी। इसलिए शादी के बाद बेटी को बार-बार कॉल करने से बचना चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लुकास फिल्म ने चुना साइमन किनबर्ग को स्टार वार्स ट्रिलॉजी का करेंगे लेखन-निर्माण



स्टार वार्स का अपना एक अलग दर्शक वर्ग है। जब भी कोई निर्माता या निर्देशक इससे जुड़ी फिल्म बनाता है उसे एक बड़ा दर्शक वर्ग आसानी से मिल जाता है। इसलिए स्टार वार्स पर कई फिल्में और सीरीज बनी हैं। अब साइमन किनबर्ग 'स्टार वार्स' ट्रिलॉजी का निर्माण और लेखन करेंगे।

कहा जा रहा है कि इस ट्रिलॉजी में 'द स्काईवॉकर' सागा के 10 -12 एपिसोड शामिल होंगे, जिसकी शुरुआत जॉर्ज लुकास की 1977 की पहली फिल्म से हुई थी। सूत्रों के अनुसार किनबर्ग उस कहानी को जारी रखेंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि इसके बजाय वह एक नई कहानी की शुरुआत करेंगे। वह दर्शकों को अलग तरह के रोमांच से वाकिफ कराना चाहते हैं और इसके लिए अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे। अभी तक लुकास फिल्म और डिज्नी की तरफ से इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गई।

किनबर्ग ने पहले भी डेव फिलोनी और कैरी बेक के साथ मिलकर एमी नॉमिनेटेड एनिमेटेड सीरीज 'स्टार वार्स रिबेल्स' का सह-निर्माण, लुकास फिल्म के साथ मिलकर किया है। यह सीरीज 2014 से लेकर 2018 तक चार सीजन तक चली। वह स्टार वार्स एपिसोड -7 'द फोर्स अवेकेंस' के साथ भी जुड़े हुए थे, वह जे.जे अब्राम्स निर्देशित इस फिल्म में सलाहकार रहे, इन्होंने साल 2015 में स्टार वार्स फ्रैंचाइज को पुनर्जीवित किया था। इसके अलावा भी किनबर्ग ने कई फिल्मों के लिए काम किया है। वह पहली दो 'डेडपूल' फिल्मों के निर्माता भी थे।

### टॉलीवुड

## सेंसर बोर्ड से पास हुई 'कंगुवा', सूर्या की फिल्म को मिला यूए सर्टिफिकेट



तमिल सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कांगुवा का लोगों को लंबे समय से इंतजार है। पहले यह फिल्म अक्तूबर में रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख को आगे बढ़ा दिया गया। अब फिल्म 14 नवंबर को बड़े पर्दे पर दस्तक देने जा रही है। बाल दिवस के मौके पर रिलीज होने जा रही है इस फिल्म से दर्शकों को काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। फिल्म का निर्देशन शिवा ने किया है। फिल्म की रिलीज डेट नजदीक आने के साथ ही अब इसे सेंसर बोर्ड से भी पास कर दिया गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी है। फिल्म को सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन की ओर से यू/ए सर्टिफिकेट दिया गया है। प्रोडक्शन हाउस की ओर से इसको लेकर पोस्ट किया गया, ₹एक अद्वितीय एडवेंचर का हम सभी को इंतजार है। हमारी महान कृति कंगुवा को यू/ए सर्टिफिकेट दिया गया है। इसे थ्रीडी में अनुभव करने के लिए तैयार हो जाइए।₹

केई ग्ननवेल राजा के स्टूडियो ग्रीन की ओर से निर्मित इस फिल्म में बॉबी देओल, दिशा पाटनी, मृणाल ठाकुर, योगी बाबू, कोवई सरला और रेडिन किंग्सले जैसे कलाकार हैं। 'कंगुवा' का संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है। तकनीकी टीम की बात करें तो वेत्री पलानीसामी ने फिल्म का छायांकन और निषाद यूसुफ द्वारा संपादन शामिल किया गया है। हाल ही में उनका निधन हो गया था। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो इस फिल्म के बाद सूर्या जल्द ही कार्तिक सुब्बाराज की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसे फिलहाल अस्थाई तौर पर सूर्या 44 नाम दिया गया है। वहीं, उनकी फिल्म सूर्या 45 का निर्देशन आरजे बालाजी करने वाले हैं।

### भोजपुरी

## खेसारी का दिखा नया अंदाज, नम्रता के साथ नजर आए ठुमके लगाते



खेसारी लाल यादव भोजपुरी इंडस्ट्री में फिलहाल गर्दा उड़ा रहे हैं। वह फिल्म राजाराम में नजर आने वाले हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अब उनका नया गाना सामने आया है। इसे प्रशंसक बहुत पसंद कर रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा के प्रशंसक खुद को इस गाने पर थिरकने से रोक नहीं पाएंगे।

खेसारी यादव की आगामी फिल्म 'राजाराम' की रिलीज का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खेसारी का नया गाना 'कमरिया लॉलीपॉप' आज रिलीज किया गया है। गाने में खेसारी के साथ नम्रता मल्ला भी नजर आ रही हैं। धमाकेदार डांस ने गाने में और जान डाल दी है और ज्यादा धमाल मचा दिया है। धमाकेदार जोडी के दमदार डांस ने गाने में और जान डाल दी है। 'कमरिया लॉलीपॉप' गाने को प्रकाश बारूद ने लिखा है। गाने का म्यूजिक विनय विनायक ने दिया है। सुरज कटोच इस गाने के डायरेक्टर और गीत टम्टा कोरियोग्राफर हैं। गाना रिलीज होने के साथ ही इस पर प्रशंसकों के रिएक्शन भी आने लगे हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, 'अब तबाही आने कोई नहीं रोक सकता'। दूसरे प्रशंसक ने लिखा, 'माहौल बदल जाएगा खेसारी भईया'। साथ ही प्रशंसकों ने गाने में खेसारी के ठुमकों की भी तारीफ की है। खेसारी लाल यादव का 'राजाराम' का ट्रेलर भी प्रशंसकों को पसंद आ रहा है। फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। ट्रेलर इतना धमाकेदार है कि सोशल मीडिया पर इसकी काफी तारीफ हो रही हैं।


## लाइफ स्टाइल

### चाल नजाकत वाली



फैशन शो के दौरान रैम्प पर मॉडल को चलने के लिए कई तरह की हिदायतें दी जाती है। यह सब उनके ट्रेनिंग का हिस्सा होता है। मसलन, मॉडल को बताया जाता है कि कल्पना करें कि कोई अदृश्य श्रृंखला आपको पीछे से आपके चेहरे के शिखर तक पकड़े हुए है। अपने कंधों को थोड़ा पीछे रखें और जितना हो सके उतना सीधा रहें। इसके अलावा दर्पण के सामने चलते समय सहज दिखने का अभ्यास करने कहा जाता है।

## ब्राइडल मेहंदी को दें पर्सनलाइज टच



शादी की अहम रस्मों में मेहंदी लगाने का रिवाज निभाया जाता है। ब्राइडल मेहंदी अपने आप में खास होती है। यही कारण है कि लड़कियां मेहंदी के डिजाइन पर खास ध्यान देती हैं। आखिर ब्राइडल मेहंदी का स्पेशल होना तो बनता है। क्या आप अपनी ब्राइडल मेहंदी को पर्सनलाइज टच देना चाहती हैं? ताकि आपकी मेहंदी और भी सुंदर लगे। आज हम आपके लिए ऐसे ही कुछ आइडियाज लेकर आए हैं जिन्हें आप अपनी मेहंदी डिजाइन के लिए चुन सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि हमारे जोडियक साइंस हमारी जिंदगी को कुछ हद तक प्रभावित करते हैं। इनका हमारी लाइफ में अहम रोल होता है। इसलिए दूल्हा दुल्हन के राशि भी देखी जाती है। क्या आपकी भी शादी होने वाली है? मेहंदी रस्म में बस कुछ ही दिन बाकी हैं और आप चाहती हैं कि आपकी ब्राइडल मेहंदी सबसे अलग और मीनिंगफुल हो? तो ऐसे में आप अपने हाथों पर अपना और अपने पार्टनर का जोडियक साइन बन सकती हैं। आप सिंबल को अपने हिसाब से डेकोरेट भी करवा सकती हैं ताकि वह कर सुंदर दिखे। लीजिए बन गई आपकी ब्राइडल मेहंदी स्पेशल। अगर आपको शायरी लिखने और पढ़ने का शौक है तो आपको यकीनन यह आइडिया जरूर पसंद आएगा। आप अपनी ब्राइडल मेहंदी में अपने पार्टनर को कोई शायरी डेडिकेट कर सकती हैं। मेहंदी को यूनीक टच देने के लिए आप चाहें तो हिंदी इंग्लिश के बजाय कोई दूसरी भाषा में भी शायरी लिखवा सकती हैं।शायरी नहीं तो केवल आई लव यू भी एक अच्छा ऑप्शन है। यकीन मानिए आपकी इस स्टाइल की ब्राइडल मेहंदी सभी को जरूर पसंद आएगी।

## माहौल बनाने तैयार करा लें खास लहंगे, रहेंगे हमेशा चलन में



फैशन

मौसम त्यौहारों का हो या शादियों का, अगर बात करें महिलाओं की तो हर महिला को लहंगा पहनना बेहद पसंद है। ऐसे में आप कुछ खास मौके के लिए लहंगा तैयार करा सकती हैं। आपको लहंगे के कुछ लेटेस्ट डिजाइन दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप अभी से अपने लिए लहंगा तैयार करा सकती हैं। अगर आप अभी से अपना लहंगा तैयार करा लेंगी तो कुछ खास मौके पर आप अपना जलवा दिखा सकती हैं।



### फिशकट गोल्डन लहंगा

अगर आप कुछ अलग बनवाने का सोच रही हैं तो इस तरह का फिशकट लहंगा आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में स्टाइलिश लगता है।

### हैवी वर्क वाला ब्लू लहंगा

हिना खान का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। इस तरह के लहंगे में आप खूबसूरत के साथ आप अपना ग्लैमरस अंदाज भी दिखा सकती हैं।

### पीले रंग का लहंगा देगा अलग लुक

इस तरह का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। कियारा आडवाणी का ये लहंगा लुक देखने में काफी प्यारा लग रहा है। आप उन्हीं की तरह लहंगा बनवा सकती हैं।

### सिल्क फैब्रिक में हैवी लहंगा

अगर आपको सिल्क फैब्रिक का लहंगा पसंद है तो ये एक बेहतर ऑप्शन है। सिल्क के फैब्रिक में आजकल ऐसा हैवी वर्क का लहंगा भी काफी चलन में है। ये देखने में काफी प्यारा लगता है।

### करिश्मा का इंडो वेस्टर्न लहंगा लुक

अगर आप लहंगे के साथ इंडो वेस्टर्न लुक कैरी करना चाहती हैं तो करिश्मा कपूर का लहंगा एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको लहंगे के दुपट्टे को खास अंदाज में कैरी करना है।

### ब्राउन रंग का सिल्क लहंगा

वैसे तो त्योहारों में चटक रंग पहनने का रिवाज है लेकिन बहुत सी लड़कियां और महिलाएं लाल, पीला और हरा रंग पहनना पसंद नहीं करतीं। ऐसे में कीर्ति सुरेश जैसा ब्राउन कलर का लहंगा भी एक बेहतर ऑप्शन बन सकता है। इसके साथ आपको ज्यादा डार्क मेकअप की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## हर मेकअप प्रोडक्ट के लिए इस्तेमाल होता है अलग ब्रश, जानें इन्हें इस्तेमाल करने का तरीका



आज के समय में चाहे पुरुष हो या महिला, हर किसी की जिंदगी में मेकअप की काफी अहम भूमिका होती है। मेकअप करने से सिर्फ खूबसूरती में चार चांद नहीं लगते, बल्कि साथ में इसके इस्तेमाल से लोगों का आत्मविश्वास भी बढ़ जाता है। अगर आपको मेकअप करना आता है तो आप पूरी तरीके से अपने लुक में बदलाव ला सकते हैं।

दरअसल, सही से मेकअप करना एक कला है, ऐसे में ठीक कला की ही तरह मेकअप के लिए भी सही प्रकार के ब्रश की जरूरत पड़ती है। अगर आप मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका मेकअप बिगड़ सकता है।

**फाउंडेशन ब्रशः** लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से लिए सबसे पहले फाउंडेशन ब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस ब्रश की मदद से फाउंडेशन बराबर मात्रा में फैलता है और फ्लोलेस कवरेज देता है। फाउंडेशन ब्रश की मोटाई अच्छी खासी होती है और इसे ब्रिसल्स मुलायम व लचीले होते हैं।


**फैन ब्रश :** जब मेकअप करते वक्त चेहरे पर अतिरिक्त पाउडर लग जाता है तो ये ब्रश इसे हटाने में मदद करता है। यह आकार में फैन की तरह चपटा होता है, इसलिए इसे फैन ब्रश बोलते हैं।

**आईशैडो ब्रशः** अगर आपको आई मेकअप करना पसंद है तो आईशैडो ब्रश के बारे में आपको पता होना बेहद जरूरी है। आईशैडो के लिए अलग-अलग प्रकार के ब्रश आते हैं। ऐसे में इन्हें अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

**लिप ब्रशः** सही से लिपस्टिक लगाने के लिए लिप ब्रश काफी जरूरी होता है। ऐसे में आप इसे जरूर अपने बैग में रखें। ये ज्यादा मोटा नहीं होता है। इससे लिपस्टिक लगाने में आसानी होती है।

आईलाइनर ब्रश

## फटी-पुरानी लेगिंग्स को फेंके नहीं, करें इस्तेमाल



आपको बस थोड़ी-सी मेहनत करनी होगी और आप पुरानी लेगिंग्स को नए-नए तरीके से घर में इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप क्राफ्ट और आर्ट्स में शौक रखती हैं, तब यह आपके बाएं हाथ का खेल होगा। आइए आपको पुरानी लेगिंग्स को दोबारा इस्तेमाल करने के तरीके बताएं।

### लेगिंग्स से बनाएं लैंपशेड्स

अगर आपके पास कोई प्रिंटेंड लेगिंग पड़ी है, तो उसे फेंकने से अच्छा है कि अपने लैंप को सजा सकती हैं। आप उस पुरानी लेगिंग्स से एक खूबसूरत लैंपशेड बना सकती हैं।

### कैसे बनाएं लैंपशेड

अपनी लेगिंग्स के दोनों पैरों को अलग-अलग काटकर रख लें। एक हिस्से को स्ट्रेच करें और फिर अपने लैंप पर एक किनारे पर ग्लू से चिपका दें। अप कपड़े को लैंप के चारों ओर लपेट लें। इसके बाद फिर से ग्लू से इसे अच्छी तरह से चिपका लें। ध्यान रखें कि आप इसे लगाते हुए 1 सेंटीमीटर का मार्जिन छोड़ें। इस तरह से आप एक फैब्रिक से दो लैंपशेड्स का डेकोर कर सकती हैं।

### लेगिंग्स से बुना हुआ फ्लोर मैट बनाएं

आपने देखा होगा, आजकल कुछ चटाई वाले घर आकर आपके पुराने कपड़े मांगते हैं और फिर आपके लिए सुंदर से फ्लोर मैट तैयार कर देते हैं। ये बुने हुए फ्लोर मैट काफी ट्रेंड में हैं और बैठने के लिए काफी अच्छे और मोटे होते हैं। आप लेंगिग्स से ये फ्लोर मैट आसानी से बना सकती हैं।

### कैसे बनाएं बुना हुआ फ्लोर मैट

अगर आपके पास 2-3 अलग-अलग तरह की या प्रिंट वाली लेगिंग्स है, तो आपका काम आसानी से हो जाएगा।

कार्नर न्यूज

### पुरुषों के लिए नई वैरायटी में कार्गो पैंट्स हैं पहली पसंद

## कार्गो पैंट हैं आपकी फेवरेट तो बेस्ट लुक के लिए याद रखिए स्टाइलिंग टिप्स, निखरेगा आपका लुक

*पुरुषों के पास कपड़ों में वैरायटी कम होती है। लेकिन फिर भी विकल्प कई होते हैं। जैसे पैंट्स में ही उन्हें कई ऑप्शन मिल जाते हैं। बस इन ऑप्शन में से अपने लिए कोई खास चुनना होता है। इसमें ऐसा चुनाव करना होता है जो आप पर अच्छा लगे और मौके के हिसाब से भी ठीक हो। कार्गो पैंट्स भी इन्हीं में से एक हैं। लेकिन ज्यादातर पुरुष इन्हें हैंगआउट जैसे मौकों के लिए ही रखते हैं। लेकिन कार्गो के लिए सिर्फ मौके की नहीं स्टाइलिंग की भी जरूरत होती है। तीन तरह की कार्गो पैंट्स में क्लासिक यूटिलिटी पैंट्स, कार्गो जॉगर्स और स्किनी कॉम्बाट ट्राउजर्स चलन में है।*



**स्लिम और स्ट्रेट कटः** कार्गो पैंट्स अक्सर ढीले पैटर्न में बनी होती हैं। इस वजह से ये हर बॉडी टाइप पर सूट नहीं करती हैं। जबकि इस वक्त सबसे बेहतरीन कार्गो पैंट्स वो हैं जो स्लिम या फिर स्ट्रेट कट में बनी हों। ओवरसाइज़ कार्गो पैंट्स भी काफी पसंद की जा रही है लेकिन इतनी ढीली नहीं होनी चाहिए कि आप मजाक ही बन जाएं। इसलिए अपनी हाइट और पर्सनालिटी को देखते हुए स्ट्रेट, स्लिम या ओवरसाइज़ में से चुनाव करें।

**फैब्रिक हो ऐसाः** कार्गो के स्टाइल और पैटर्न पर तो बात हो गई लेकिन इसके फैब्रिक के बारे में भी जान लीजिए। काग्रो में हमेशा कॉटन या कार्डोरी मटेरियल ठीक रहता है। आप इन्हीं में से चुनाव करें।

**.कार्गो पैंट्स और स्टाइलः** कार्गो का स्टाइल मिलिट्री जैकेट्स के साथ सबसे अच्छा लगता है। लेकिन कार्गो के साथ मिलिट्री जैकेट पहनकर ऐसा लगता है मानो अभी-अभी मिशन से आए हों। इसलिए इन पैंट्स के साथ डेनिम जैकेट का कॉम्बिनेशन कीजिए। इसके साथ हाइकिंग बूट्स पहनिए। ये लुक आप पर बहुत अच्छा लगेगा। गर्मी का मौसम है तो इस वक्त ओवरसाइज़ टीशर्ट और सफ़ेद स्नीकर्स भी पहने जा सकते हैं।

**क्या हों खासियतः** एक कार्गो पैंट में कुछ खासियतें होनी चाहिए जैसे- प्लीटेड फ्रंट, बेहतरीन हेम और कलर में म्युटेड टोंस हो।

**टी शर्ट का साथः** कार्गो पैंट्स के साथ शर्ट नहीं लेकिन टी शर्ट बेहतरीन लगती है। टी शर्ट में भी चंकी क्रू नेक कार्गो के साथ अच्छी लगती है। इसके साथ टर्टल नेक टी शर्ट भी कार्गो के अथ अच्छे से मैच होती है

**प्रिंटेड कार्गो पैंट्स भी चुनेंः** प्रिंटेड कार्गो पैंट्स भी काफी अच्छी लगती हैं। प्रिंटेड कार्गो पैंट्स के साथ ये फायदा होता है कि इनके साथ कई रंगों और पैटर्न की शर्ट पहनी जा सकती हैं।

